# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025



HEALTHCARE.

HOSPITALITY.

HARMONY.



सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की कला संस्कृति और परंपरा देश दुनिया में विख्यात है। यहां के शिल्पियों ने विदेशों तक अपनी कला की छाप छोड़ी है। इसके लिए उनका राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हुआ है। बस्तर के शिल्पियों को देश ने पद्मश्री भी दिया है। ऐसे में शिल्पकला की कद्र बस्तर में कितनी है, इसे प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन संजय मार्केट के हनुमान मंदिर के पास देखा जा सकता है। पुजारी ने गांव के इन गरीबों को बेशकीमती सामानों को बेचने के लिए मंदिर के सामने और बगल में सड़क पर दुकान लगाने की अनुमति दी है। सड़क पर बेलमेटल, पीतल, लौह, शिल्प तथा कौड़ी से सजे वस्त्रों, टोकनी का कितना दाम कितना मिलता होगा, आसानी से समझा जा सकता है। बस्तर के इन शिल्पकला को गढ़ने में कितना श्रम और पैसे लगता है, इसे जानकार ही समझ सकते हैं।

## विडंबना: ननि के पास आदिवासी शिल्पकार और गरीब ग्रामीणों के लिए भवन व स्थल नहीं

# देश दुनिया में विख्यात बस्तर की शिल्पकला सड़क पर, ना तो बाजार मिल रहा, ना ही दाम

### यहां कौड़ियों का मोल नहीं, शहर में सौ गुना तो महानगरों में हजार गुना मिलता है दाम

हरिभूमि सरोकार

आदिवासी जनजीवन और शिल्पकला को नजदीक से जानने वाले लोककवि जोगेन्द्र महापात्र जोगी ने कहा कि सड़क में बिक रहे इन कला शिल्प का मेहनताना तक नहीं मिल पाता। जबकि यही सामान शोरूम मे दस गुना और महानगरों में सौ गुना हो जाता है। उन्होंने कहा एक बेलमेटल के बने हाथी का दाम यहां यदि एक हजार रुपए मिलेगा तो शोरूम में दस हजार हो जाएगा। यदि दिल्ली मुम्बई जैसे महानगरों के आर्ट गैलरी में बिकेगा तो पचास हजार तक दाम हो जायेगा। सड़क में बिकते शिल्पकला के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम को सर्वप्रथम ध्यान देना चाहिए। कम से कम प्रमुख स्थलों में ये लोग सामान बेचने दुकान लगा सके । यह व्यवस्था फ्री में करनी चाहिए क्योंकि जितनी मेहनत इसे बनाने में लगती है, इसका कुछ न्यूनतम दाम तो होना चाहिए ताकि शिल्पकार और उस गांव के लोगों को अपना परिवार चलाने के लिए अच्छी आमदनी हो सके।



### बस्तर की पहचान को उचित स्थल मिलना चाहिए

मोती लाल नेहरू वार्ड के पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि संजय मार्केट हनुमान मंदिर का परिसर , जहां सड़क पर शिल्पकला बेची जा रही है, वह मेरा ही वार्ड में आता है । उन्होंने कहा, बस्तर की पहचान यहां की कला संस्कृति है। ऐसे बेशकीमती सामानों के लिए उचित स्थल होना चाहिए। शिल्पियों के बनाये हर तरह के सामानों के लिए नगर निगम की और से एक उचित स्थल में शोरूम होना चाहिए। ताकि पूरे बस्तर के शिल्पी उनके परिवार के लोग और ग्रामीण, देश- दुनिया में प्रसिद्ध अपनी कलाकृति को सही जगह बेच सके । उन्होंने कहा कि शहर में शिल्पियों के लिए ऐसा कोई स्थल नहीं है । बजट में भी नहीं लिया गया क्योंकि यह विषय कभी आया नहीं है।

### विदेशियों से मिलती है सही कीमत

मंदिर के सामने दुकान लगाकर बैठे ग्रामीणों ने हरिभूमि से कहा कि कई साल से साप्ताहिक बाजार के दिन दुकान लगा रहे हैं। लेकिन सड़क में दुकान लगाने से खरीदने वाले साग सब्जी की तरह मोलभाव करते हैं। कई बार तो ऐसा दाम लगाते है कि उससे ज्यादा बनाने में खर्च हो जाता है । ऐसे में शाम को कपड़े और बोरे में बांधकर शिल्पकला को घर ले जाते हैं। कभी कभी बाहर के पर्यटक जो बस्तर घूमने आते हैं, उनसे ठीक ठाक दाम मिल जाता है। यदि विदेशी आ गये तो वे अच्छी कीमत दे जाते है। कला के सही कद्रदान वही लोग हैं।



### मजदूर की मौत पर सोमनी में मचा बवाल

**राजनांदगांव।** सोमनी क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से हुए मजदूर की मौत के मामले में उचित मुआवजा देने की मांग पर जमकर प्रदर्शन हुआ। चक्काजाम करने का भी प्रयास ग्रामीणों द्वारा किया गया, जिस पर संबंधित फर्म द्वारा उचित मुआवजा प्रदान करने की बात कही गई, जिस पर प्रदर्शन शांत हुआ। ज्ञात हो कि सोमनी क्षेत्र के ग्राम फुलझर स्थित न्यू लूक बायो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में चल रहे कार्य में काम करने के लिए सोमवार को ग्राम पटेवा निवासी कुणाल गया हुआ था। वह कार्य कर रहा था। इस दौरान अचानक वह बिजली करंट की चपेट में आ गया, जिसे तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रदर्शन स्थल पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, श्रमिक संगठन के नेता भीमराव बागडे, भाजपा नेता जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, रमेश पटेल, राजेश श्यामकर, अतुल रायजादा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### कम्पनी पर प्रतिबंधात्मक तथा कानूनी कार्रवाई की रखी मांग

# अमानक पोटाश खाद को लेकर किसानों ने घेरा एथेनॉल प्लांट, की तालाबंदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले में संचालित एथेनॉल प्लांट की सहायक कम्पनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड में अमानक पोटाश खाद निर्मित किए जाने का मामला उजागर होने के बाद भारतीय किसान संघ और जिले के किसानों ने कम्पनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में जिले के किसानों ने इथेनॉल प्लांट में धावा बोलते हुए प्लांट में तालाबंदी करने और कम्पनी को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम बोड़ला तहसीलदार को सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार मंगलवार को बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा किसान हाथों में झंडा, बैनर, पोस्टर लेकर सीधे ईथेनॉल प्लांट पहुंच गए। उन्होंने कम्पनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कम्पनी को प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने कहा कि इथेनॉल बनाने वाली कंपनी की सहायक कंपनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा उपज नाम से बनाए गए पोटाश खाद में पोटाश की मात्रा 14.5 प्रतिशत दर्शाई गई है। लेकिन जब इस खाद के नमूने की जांच छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी से कराया गया तो इसमे पोटाश की मात्रा पहले नमूने में 1 प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में 3.5 प्रतिशत पाई गई। जिसके बाद लैब द्वारा उसे अमानक घोषित किया गया है। ऐसी स्थिति में संघ द्वारा किसानों के साथ धोखा करने वाली कम्पनी को प्रतिबंधित किए जाने की मांग की जाती है।

### किसानों को आर्थिक सहित फसलों को भी नुकसान

भारतीय किसान संघ और किसानों ने कम्पनी पर आरोप लगाया है कि उसके द्वारा निर्मित अमानक पोटाश का विक्रय जिले के हजारों किसानों को किया गया है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान तो हुआ ही है। साथ ही इस अमानक पोटाश खाद के उपयोग से उनकी फसलों को नुकसान हुआ है। जिसे देखते हुए संघ व किसानों ने शासन से मांग की है। किसानों के साथ इस तरह का फर्जीवाड़ा करने वाली कंपनी को तुरंत बंद कर उसके विरूध्द कानूनी कार्रवाई की जाए। कंपनी से किसानों को मुआवाजा दिलाया जाए। जिन किसानों को यह नकली फर्जी खाद बेचा गया है, उन्हें उनका पैसा वापस लौटाया जाए।

# शराबी पिता ने अपने ही मासूम बेटे की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

नगरी ब्लाक के दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी से रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक शराबी पिता ने अपने ही 3 साल के मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया है। दिल दहला देने वाली इस घटना से पूरा परिवार सदमे में हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से गांव के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। घटना 18 मई रात्रि की है। इसकी जानकारी 19 मई की सुबह हुई। पिता संजय मरकाम ने अपने 3 वर्ष के मासूम बेटे शौर्य की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में नरहरपुर के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी की घटना

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिता संजय मरकाम आदतन शराबी है। शराब के नशे में धुत होकर अक्सर घर में लड़ाई झगड़ा करता था। घटना के दिन भी शराब के नशे में था और घर वालों से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। रुपया नहीं मिलने पर घर वालों के साथ झगड़ा करने लगा। इस दरम्यान घरवाले लड़ाई नहीं करने की समझाइश देते रहे, तभी आरोपी ने अचानक तैश में आकर अपने ही मासूम बेटे पर धारदार टंगिया से वार कर दिया। बेटे को लहूलुहान करने के बाद मौके से फरार हो गया। परिजन घायल बच्चे को गंभीर अवस्था में नरहरपुर अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस आरोपी पिता को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री पहुंचे दुर्ग

# भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच करेगी ईओडब्ल्यू, अब हर गांव में खुलेगा महतारी सदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच ईओडब्ल्यू (राज्य अपराध अन्वेषण ब्यूरो) करेगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में दुर्ग पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साफतौर पर कहा कि, मुआवज वितरण में गडबडी करने वाले अधिकारियों को बख्शा नही जाएगा। उन्होने कहा जमीन अधिग्रहण से वंचित किसानों को भी मुआवजा का दिया जाएगा। सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री दुर्ग मुख्यालय पहुंचे, जहां दुर्ग, बलोद और बेमेतरा को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद प्रेसवार्ता में बताया कि, राजनांदगांव के टेडेसरा और दुर्ग से होकर आरंग तक बनने वाले सिक्सलेन परियोजना में जिले के दर्जनभर गांव के सौ से अधिक किसान प्रभावित हुए है, लेकिन उन्हें मुआवजा नही मिला है। बहरहाल ईओडब्ल्यू को राज्य शासन द्वारा जांच के निर्देश दिए है, जिसमें दुर्ग जिले के काला चिठ्ठा भी खुलेगा। इस मामले को लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि, जल्द ही महतारी वंदन का पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। जिसमें विवाह के बाद आए नए बहुओं का नाम जोडा जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा युक्तियुक्तकरण में सिर्फ शिक्षकों का समायोजन होगा, स्कूल बंद नहीं होंगे। वहीं उन्होंने इस पर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने ऐसा शिक्षकों का ट्रांसफर किया कि, प्रदेश के तीन सौ स्कूल शिक्षकविहिन हो गए। जबकि पांच हजार स्कूल एकल शिक्षक हो गए हे। ऐसे में समायोजन का ही रास्ता शेष है। सीएम ने कहा फर्जी रजिस्ट्री रोकने भी बड़ा बदलाव किया गया है, जिसमें तत्काल नामांतरण और संपत्ति हस्तांतरण सिर्फ पांच सौ रूपए में होंगे। प्रत्येक गांव में महिलाओं के लिए महतारी सदन खोला जाएगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा, ईश्वर साहू सहित बेमेतरा और बालोद के अफसर भी मौजूद रहे।

### नशे के खिलाफ दुर्ग में ही बड़ी कार्रवाई

एक सवाल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, प्रदेश में सबसे बड़ी कार्रवाई दुर्ग जिले में ही हुई है। पूर्व की सरकार नशे के खिलाफ सिर्फ वाहन और चालक पर ही कार्रवाई करती थी। लेकिन वर्तमान में नशे के तार का पता लगाकर कार्रवाई हो रही है, इसके लिए समाज को भी जागरूक होना पडेगा। उन्होंने प्रदेश में गौ-अभ्यारण की शुरूआत होगी, जिसमें सौ से ज्यादा गौशाला खुलेंगी। मवेशियों की सेवा के लिए दिए जाने वाले अनुदान को बीस से 25 लाख रूपए कर दिया गया हैं। उन्होंने कहा हम पेयजल बचाने अभियान चला रहे है। जिसमें सकारात्मक बात यह रही है कि, किसान इस बार गर्मी के फसल खराब होने पर खुद ही अगले पर धान के बजाय दूसरा फसल लेने प्रस्ताव कर रहे है। पानी बचाने मोर गांव मोर पानी अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा इस बार डीएपी खाद की किल्लत रहेगी और यह विषय छग ही नहीं बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित हो रहा है। इसके बदले किसानों को एनपीए का विकल्प दिया जा रहा हैं।

### अमरकोट धान उपार्जन केंद्र में धान गड़बड़ी, तीन कर्मचारियों निलंबित

**महासमुंद।** कलेक्टर खाद्य शाखा जिला महासमुंद द्वारा गठित जांच दल की जांच प्रतिवेदन में अमरकोट स्थित धान उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाई गई है। प्रतिवेदन के अनुसार, केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 11416 बोरी धान कम पाया गया, जिसका वजन मानक अनुसार 5348.68 क्विंटल है। जिसकी राशि प्रति क्विंटल 3100 रुपए के आधार पर एक करोड़ 65 लाख 80 हजार 908 रुपए होता है। जांच दल में खाद्य निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक एवं शाखा प्रबंधक शामिल थे, जिन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया है कि उक्त गड़बड़ी के लिए धान उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल तथा कंप्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र पटेल संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं।

- एफआईआर भी कराई जाएगी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर ने धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के कंडिका 15.9 तथा त्रिपक्षीय अनुबंध की कंडिका 12.8 एवं 12.11 के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि संबंधित अधिकारी समय पर उचित कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह माना जाएगा कि निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में लापरवाही हुई है।

# पोर्न वीडियो देखने के आदी नाबालिग ने बच्चे से अनाचार कर मार डाला, पहाड़ में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लखनपुरी में 8 साल के बच्चे की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए बताया कि नाबालिग आरोपी पोर्न वीडियो देखने का आदी हो गया था। और लखनपुरी के बच्चे को फ्रूटी पिलाने के लालच में पहाड़ ले जाकर उसके साथ अनाचार किया। और बच्चे के विरोध से डरकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दिया। नाबालिग ने बताया कि 8 साल के बच्चे पर नीयत खोते हुए दूसरे की मोटर सायकल को मांगकर फ्रूटी पिलाने के नाम पर ले गया। दुकान से फ्रूटी लेकर पहाड़ की ओर गए। फ्रूटी पीने के बाद आरोपी नाबालिग 8 साल के बच्चे के साथ अनाचार किया। पीड़ा से परेशान 8 साल के बच्चे के चिल्लाने पर नाबालिग ने उसे शांत करने के लिए मोटर सायकल के चाबी के गुच्छे जो रस्सी का था, उससे गले को दबाया, जिससे 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। नाबालिग बच्चे की सांस थमने पर उसे उसी हालत में उठाकर पहाड़ की झाड़ी में फेंककर वापिस अपने घर चला गया। पुलिस संदेह के आधार पर 19 मई को पूछताछ के लिए नाबालिग को थाने लेकर आएं और पूछताछ शुरू किया। नाबालिग पहले दिन पुलिस को इधर से उधर की कहानी सुनाता रहा। पुलिस उसकी कहानियों की तस्दीक करती रही और हर कहानी झूठी निकली। अंततः नाबालिग ने 20 मई की सुबह पुलिस के सामने पूरी घटना को कबूल किया। उसने पुलिस को बताया के मेरे पास मोबाइल नहीं था। चाचा के मोबाइल पर वीडियो देखता था, तभी से दिमाग में ऐसी घटना करने का मन में आया। बच्चे के साथ अनाचार करने के बाद ऐसी परिस्थिति बनी, जिससे बच्चे की हत्या कर दिया।

- चाबी के रस्सी वाले गुच्छे से घोट दिया गला

### बालक को संप्रेक्षण गृह भेजा गया

*एएसपी दिनेश सिन्हा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि आरोपी विधि से संघर्षरत बालक ने 8 साल के बच्चे के साथ अनाचार करने के बाद हत्या करना स्वीकार किया, जिसे किशोर न्यायालय बोर्ड में पेश किया गया। आरोपी विधि से संघर्षरत बालक को बालक संप्रेक्षण गृह भेजा गया। एएसपी ने पालको से अपील किया है कि बच्चो को मोबाइल का उपयोग करते समय नजर जरूर रखे।*

### हाईकोर्ट ने मेकाहारा हास्पिटल रायपुर में मरीजों के लिए लचर व्यवस्था को आड़े हाथों लिया

# अस्पताल में भर्ती हर मरीज के साथ दो-तीन परिजन आएंगे तो हजारों लोगों के लिए आप क्या इंतजाम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने मेकाहारा हास्पिटल रायपुर में मरीजों के लिये लचर व्यवस्था को आड़े हाथों लिया है। चीफ जस्टिस ने मंगलवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शासन से कहा है कि, इस अस्पताल में भर्ती हजार मरीजों में से हर मरीज के साथ दो –तीन परिजन आएंगे तो चार हजार लोगों के लिये आप क्या इंतजाम करेंगे। हाईकोर्ट ने इस अस्पताल में मरीजों के परिजनों के रुकने रहने के लिए बेहतर व्यवस्था करने मेकाहारा के डीन से शपथपत्र पर जवाब तलब किया है। राजधानी रायपुर के भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में मरीजों के परिजनों के परिसर के भीतर ही चूल्हा जलाने और उनके रुकने की व्यवस्था को लेकर मीडिया में खबरें आईं हैं। खबर पर ही संज्ञान लेते हुए मंगलवार को हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एके प्रसाद की वेकेशन बेंच में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने महाधिवक्ता से कहा कि, अस्पताल में जो मरीजों के परिजन आते हैं उन्हें आप परिसर में चूल्हा जलाकर भोजन पकाने से रोकें, इनके लिए कोई अच्छा इंतजाम किया जाए, जिसमें उन्हें इस तरह खाना बनाने की नौबत ही न आए। महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने इस पर कहा कि परिजनों को मना नहीं कर सकते हैं यह सरकारी अस्पताल है, वह लोग बाहर ही यह सब करते हैं।



### किसी भी दिन कोई अनहोनी हो सकती है

कोर्ट ने इस पर कहा कि अस्पताल सरकारी है इसलिए ही तो आपको इंतजाम करना है। एक हजार मरीजों की क्षमता वाले इस अस्पताल में अगर मरीजों के साथ दो-दो या अधिक परिजन आयेंगे तो 4- 5 हजार की संख्या होगी, तब आप क्या करेंगे। वेकेशन बेंच ने शासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सबके लिए ऐसा इंतजाम हो कि किसी को परेशानी न हो। अगर इसी तरह खुले में अस्पताल बिल्डिंग से लगकर चूल्हा जले तो किसी भी दिन कोई अनहोनी हो सकती है। इस मामले में मेकाहारा के डीन से शपथपत्र पर जवाब देने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई जुलाई माह में निर्धारित की गई है। शपथपत्र में मरीजों के परिजनों के रुकने की व्यवस्था आदि सब बातों पर जवाब देना होगा।





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025


## आईपीएल फाइनल अब अहमदाबाद में



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद तीन जून को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल के अलावा दूसरे क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। मुल्लांपुर में इस महीने शुरुआती दो प्ले ऑफ का आयोजन किया जाएगा। आईपीएल संचालन परिषद ने मौसम की परिस्थितियों और अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए प्ले ऑफ के नए स्थलों पर फैसला किया है। बीसीसीआई ने मैच को पूरा करने के लिए एक घंटे के मौजूदा अतिरिक्त समय में इजाफा करते हुए इसे दो घंटे कर दिया है।



# जिन निगम- मंडलों में पेंच, उनके अध्यक्षों की कुर्सी बदली, केदार अब अपेक्स बैंक के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश सरकार ने जिन निगम- मंडल, आयोग में पेंच फंसा हुआ था, उसका समाधान करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को नए आयोग और बोर्ड में नियुक्ति दे दी है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदारनाथ गुप्ता को अध्यक्ष राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) बनाया गया था। इसी के साथ समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष बनाई गई शालिनी राजपूत को अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड बनाया गया है। इनकी जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्विट कर दी है। दो और अध्यक्षों के मामले में पेंच फंसा हुआ है, लेकिन यह पेंच बड़ा नहीं है, क्योंकि इनके विभागों में अभी कांग्रेस सरकार के समय के नियुक्त अध्यक्ष हैं। इनका कार्यकाल पूरा होने के बाद पदभार हो जाएगा।

प्रदेश सरकार ने 33 निगम, मंडल और आयोग के लिए पहली बड़ी सूची में बीते माह 36 भाजपा नेताओं को पदों से नवाजा था। इनमें से करीब आधा दर्जन विभागों में पेंच फंसा हुआ था। इसमें से अल्पसंख्यक आयोग ▶▶| शेष पेज 5 पर

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट करके दी नई नियुक्ति-संशोधन की जानकारी

- केदारनाथ गुप्ता- अध्यक्ष, राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)
- श्रीनिवास राव मद्दी- अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- शालिनी राजपूत- अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड
- चंद्रक्रांति वर्मा- उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग









अल्पसंख्यक आयोग का मामला सुलझा

22 मई को पदभार, चार में अब भी पेंच

### दो को करना होगा इंतजार


जिन दो आयोगों में अब भी पेंच फंसा हुआ है, उनमें राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष बनाए गए संदीप शर्मा ने कहा, पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल अभी बचा है, उनका कार्यकाल जुलाई में पूरा होने पर ही जुलाई के अंत में या फिर अगस्त के पहले सप्ताह में पदभार ग्रहण होगा।

### पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिले थे ये सभी संदिग्ध, जल्द ही बड़े खुलासे की संभावना

# आबकारी घोटाले में 7 रसूखदारों के 39 ठिकानों पर छापे, 90 लाख कैश जब्त

*मंगलवार तड़के करीब 4 बजे एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने भिलाई में 7 बड़े उद्योगपति और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के ठिकानों पर दबिश दी। छापे को छत्तीसगढ़ में हुए 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के संदर्भ में बताया गया है। इन सभी के तार पिछले दो साल से फरार चल रहे पप्पू बंसल से जुड़े हुए हैं। सभी को उनका रिश्तेदार और परिचित बताया गया है।*





### धमतरी जिले में भी जांच

*टीम ने धमतरी जिले में भी एक कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि यहां अशोक अग्रवाल के रिश्तेदार के ठिकाने की तलाशी ली गई। यहां से भी अहम दस्तावेज के साथ चल-अचल संपति का पता लगाए जाने की जानकारी मिल रही है।*

### महासमुंद में भी जांच

*एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने महासमुंद जिले में भी कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इनमें एक कैलाश अग्रवाल निवासी सांकरा और दूसरा जय भगवान अग्रवाल निवासी बसना के ठिकाने पर जांच की खबर है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

खबर है, पप्पू बंसल ने तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा से इनको मिलवाया था। दिनभर चली जांच के दौरान इनमें से ही करीब 90 लाख रुपए कैश, जेवरात और कुछ डिजिटल उपकरण जब्त करने की बात सामने आई है। बहरहाल एसीबी की यह जांच जारी है। एसीबी, ईओडब्लू ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि 39 परिसरों में उनकी जांच चल रही है। इस दौरान नकदी के अलावा, जेवरात, डिजिटल डाक्यूमेंट, कई तरह के दस्तावेज मिले हैं। ऐसा कहा जा रहा है, जांच के बाद बड़े खुलासे हो सकते हैं। भिलाई में जिन बड़े और प्रतिष्ठित कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी गई, उनमें एसके केजरीवाल, नेहरू नगर, अशोक अग्रवाल आम्रपाली अपार्टमेंट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विनय अग्रवाल खुर्सीपार, संजय गोयल ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पूर्व मंत्री के करीबी हैं अशोक

छावनी चौक भिलाई के पास अशोक अग्रवाल की फेब्रीकेशन और अन्य चीजों की फैक्ट्री है। अशोक अग्रवाल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी हैं। खबर है कि अशोक अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बंसी अग्रवाल जीआई तार फैक्ट्री के मालिक हैं। विश्वास गुप्ता बिल्डर हैं।

### आबकारी 'घोटाले' के मामले में वरिष्ठ आईएएस गिरफ्तार



*रांची। झारखंड में हुए कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार चौबे को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि चौबे को घंटों की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एसीबी ने आबकारी विभाग के सचिव के रूप में चौबे के कार्यकाल के दौरान आबकारी नीति में अनियमितताओं के आरोपों की जांच शुरू की थी। राज्य सरकार ने इससे पहले 1999 बैच के आईएएस अधिकारी चौबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दी थी। अधिकारी के मुताबिक एसीबी की एक टीम सुबह चौबे के आवास पर पहुंची और उन्हें पूछताछ के लिए ब्यूरो के मुख्यालय ले गई। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह से भी एसीबी ने पूछताछ* ▶▶| शेष पेज 5 पर

# जल्द दुनिया के सामने बेनकाब होगा पाकिस्तान का 'आतंकी चेहरा'...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान की आतंकी मानसिकता को दुनियाभर के सामने पुख्ता सबूतों के साथ उजागर करने के लिए भारत ने जिन 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है। उनमें से तीन को मंगलवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने विस्तार से जानकारी (ब्रीफ) दी है। इस बाबत संसद भवन में एक बैठक हुई। जिसमें जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय झा, शिव सेना (शिंदे) नेता श्रीकांत एकनाथ शिंदे और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की नेता कनिमोझी की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विदेश सचिव ने पहलगाम हमले और उसके बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी। साथ ही लंबे समय से देश में लगातार बढ़ते जा रहे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और भारत की धरती पर होने वाले किसी भी आतंकी हमले का सख्ती से जवाब देने को लेकर बने हुए सरकार ▶▶| शेष पेज 5 पर

- विदेश सचिव ने तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को किया ब्रीफ



### आज ब्रीफ किया, दस्तावेज भी देंगे

यह बैठक कुल करीब डेढ़ घंटे तक चली। विदेश सचिव ने कहा कि यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रतिनिधिमंडलों को पाकिस्तान और उसके आतंकवाद व उसके संग बने हुए चोली-दामन के साथ से जुड़े प्रमाण के अलावा जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### भारत की 5 सूत्रीय रणनीति

- **यूएनएससी के साथ समन्वय :** स्थायी सदस्यता की मांग नहीं, बल्कि मौजूदा सदस्यों को तत्काल और गंभीर कार्रवाई के लिए प्रेरित करना
- **पाकिस्तान की भूमिका उजागर करना :** आतंकवाद, फंडिंग, और वैश्विक सुरक्षा को खतरे से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करना
- **ऑपरेशन सिंदूर को आगे बढ़ाना :** इसे एक वैध, संप्रभुता-सम्मानजनक और प्रभावी आतंकवाद विरोधी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना
- **वैश्विक सहमति बनाना :** कानूनों में बदलाव, आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति बनाना
- **ग्लोबल साउथ में नेतृत्व मजबूत करना :** भारत को एक जिम्मेदार, सक्रिय और अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करना

### अब पाकिस्तान का नहीं, हमारा पक्ष बोलेगा

विदेश सचिव ने कहा कि यह सही समय है कि जब हमें यानी भारत को अपना पक्ष मामले पर दुनिया के सामने रखना चाहिए। पाकिस्तान वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। ऐसे में इस बात की संभावना है कि वो आगामी वक्त में अपना भारत विरोधी नापाक एजेंडा परिषद के समक्ष रखने की कोशिश करे। लेकिन भारत की इस कवायद से हमें लीड मिल सकती है। क्योंकि पाकिस्तान के बताने से पहले ही हम खुद अपना पक्ष दुनिया के सामने रख देंगे।

# बारिश से पहले रेत भंडारण के लिए अवैध खनन, अब सख्ती, हफ्तेभर में 22 केस दर्ज



बारिश से पहले रेत का जमकर अवैध भंडारण

पारागांव में रेत के सैकड़ों टीले सेमरा में भी माफिया राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर



खनिज सचिव पी. दयानंद ने दिए सख्ती के निर्देश

बारिश से पहले रायपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों की नदियों से रेत की अवैध खुदाई के मामले हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद शासन ने अब सख्ती बरती है। खनिज सचिव पी. दयानंद के सख्त निर्देश के बाद अकेले बिलासपुर जिले में ही हफ्तेभर में 22 केस दर्ज हुए हैं। रायपुर जिले की महानदी और दुर्ग की ओर खारुन में भी अवैध खनन की थोक में शिकायतें हैं, इस वजह से खनिज अमले को अलर्ट किया गया है। बिलासपुर में पिछले एक सप्ताह में ही 22 प्रकरण दर्ज करते हुए खनिज विभाग ने ट्रैक्टर, हाइवा के साथ ही ट्रेलर, जेसीबी और दूसरे वाहन ▶▶| शेष पेज 5 पर

### गोबरा-नवापारा पहुंचा खनिज अमला

रायपुर जिले में भी कई रेत खदानें अवैध रूप से चल रही हैं। जिले में 13 रेत खदानों का ठेका हुआ है। इनमें से 8 खदाने ही वैध रूप से चल रही है, जबकि 5 खदानों में अवैध रूप से उत्खनन की शिकायत थी। इन खदानों में चिखली, पारागांव, बेनीडीह, कुरूद शामिल है। इसके अलावा सेमरा, टीला आदि खदानों में भी अवैध रूप से उत्खनन के साथ भंडारण करने की शिकायत है। खनिज विभाग अधिकारी केके गोलघाटे ने बताया कि पिछले दिनों गोबरा नवापारा में कार्रवाई कर 11 हाइवा रेत एवं ग्राम दरभा मुरूम खदान में 4 पोकलेन मशीन जब्त की है।

### कोटा, बिल्हा मस्तूरी में लगातार कार्रवाई

*खनिज अमले ने मंगलवार को भी कोटा, बिल्हा और मस्तूरी में कार्रवाई की। टीम ने खास तौर पर खपरी, कोहरौदा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहाँ खपरी अंतर्गत शिवनाथ नदी क्षेत्र से रेत का अवैध उतखनन कर परिवहन करते पाए गए 2 ट्रेक्टर वाहनों को जब्त कर थाना बिल्हे के सुरक्षार्थ किया गया। खम्हरिया पेंडरी क्षेत्र मे निरीक्षण के दौरान पेंडरी स्थित शासकीय तालाब से खनिज मिट्टी का बिना अनुमति या प्रस्ताव के उतखनन करते पाए गए 2 हाइवा एंव 1 जेसीबी वाहन को सील बंद किया गया। गतौरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज कोयला का अवैध रूप से भण्डारण पाया गया। जहाँ मौका स्थल पर भण्डारित कोयला,01 लोडर मशीन एंव 02 ट्रेलर वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की गयी जिसमे से 01 ट्रेलर को थाना रतनपुर को सुरक्षार्थ किया गया।*

मृतकों के परिजन से की मुलाकात, दी गई सहायता राशि

# हद पार कर गई संवेदनहीनता, बच्चों का पीएम करने पैसे मांगा, बीएमओ सस्पेंड, डॉक्टर बर्खास्त

**दो मासूम बच्चों की मौत के बाद रघुनाथपुर पीएचसी में पदस्थ चिकित्सक द्वारा पीएम करने के लिए 10-10 हजार रुपए की मांग करने और पीएम के बाद शव वाहन उपलब्ध नहीं कराने के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप



खबर प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर कलेक्टर व स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीण के घर पहुंची। इस दौरान जिला प्रशासन ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही इस मामले में कलेक्टर के निर्देश पर बीएमओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है जबकि पीएम के लिए पैसे मांगने वाले चिकित्सक का ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बीएमओ और चिकित्सक की लापरवाही उजागर

इस पूरे मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर के बीएमओ डॉ. राघवेन्द्र चौबे और पीएम करने वाले चिकित्सक डॉ. अमन जायसवाल की लापरवाही सामने आई। कलेक्टर व सीएमएचओ ने बीएमओ और चिकित्सक को फटकार लगाई। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एनएमसी ने मेडिकल छात्रों के लिए जारी की एडवाइजरी

# फर्जी कॉलेज से एमबीबीएस, तो नहीं मिलेगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने छात्रों को देश में बिना आवश्यक स्वीकृति के संचालित हो रहे मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ अनधिकृत विदेशी चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति आगाह किया है। एनएमसी ने एक परामर्श में कहा कि मंजूरी प्राप्त नहीं करने वाले संस्थानों से पढ़ाई करने वाले छात्रों को लाइसेंस हासिल करने की परीक्षा एफएमजीई के लिए अपात्र माना जाएगा। अयोग्यता का जिम्मा पूरी तरह से उन ▶▶| शेष पेज 5 पर



### क्या दी गई सलाह?

एडवाइजरी में सलाह दी गई है, केवल आधिकारिक वेबसाइट पर लिस्टेड मेडिकल कॉलेजों को भारत में एमबीबीएस और अन्य मेडिकल डिग्री प्रोग्राम कराने की अनुमति है। एनएमसी की आधिकारिक लिस्ट में शामिल न होने वाले संस्थान अनधिकृत हैं और एनएमसी नियमों का ▶▶| शेष पेज 5 पर

### क्या है नियम?

- छात्र ने किसी एक संस्थान से न्यूनतम 54 माह की मेडिकल शिक्षा पूरी की हो।
- 12 माह की इंटर्नशिप उसी विदेशी यूनिवर्सटी में पूरी की जानी चाहिए।
- क्लिनिकल ट्रेनिंग अलग-अलग संस्थानों या देशों में नहीं बांटा जाना चाहिए।
- साथ ही शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी में होना चाहिए था।
- उम्मीदवार को ▶▶| शेष पेज 5 पर




# मौसम के दो रंग


दक्षिण व पूर्वोत्तर बाढ़ से बेहाल, इधर उत्तर में गर्मी ने किया हलाकान

कर्नाटक, असम में जोरदार बारिश, दिल्ली, यूपी में चल रही भीषण गर्मी

*नई दिल्ली। देशभर में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे है। दक्षिणी व पूर्वोत्तर के राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है वहीं उत्तरी राज्यों में गर्मी ने हाहाकार मचाया हुआ है।*


मंगलवार को गुवाहाटी, असम में भारी बारिश के बाद जलभराव वाले इलाके से लोगों को बचाया जा रहा है।


गुवाहाटी में रुक्मणी गांव के पास, मंगलवार को दुकानदार अपनी आंशिक रूप से जलमग्न दुकान के अंदर।


बेंगलुरु। जलभराव वाला सिल्क बोर्ड मेट्रो स्टेशन, बेंगलुरु का हाल।


मथुरा। मथुरा, यूपी में गर्मी से हलाकान युवतियां।


नई दिल्ली। नई दिल्ली में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। कर्तव्य पथ पर मंगलवार दोपहर दिखाई देती मृगतृष्णा।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र सरकार में फिर से मंत्री बने भुजबल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता नेता छगन भुजबल ने राजभवन में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फड़णवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी मौजूद रहे। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली सरकार का आज मंत्रिमंडल विस्तार कर रही है। महाराष्ट्र की सियासत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सबसे बड़े चेहरों में गिने जाने वाले छगन भुजबल एक बार फिर से मंत्री बन गए हैं।



### सोना तस्करी केस एक्ट्रेस रान्या राव को मिली जमानत

**बेंगलुरू।** सोने की तस्करी मामले में कन्नड़ ऐक्ट्रेस रान्या राव और दूसरे आरोपी कोंडारू राजू को मंगलवार को आर्थिक अपराधों की स्पेशल कोर्ट से सशर्त जमानत दे दी गई। कोर्ट ने दोनों से दो जमानती गवाह और 2-2 लाख रुपये के बॉन्ड जमा करने को कहा है। जज विष्णनाथ सी. गौदार ने यह जमानत दी, लेकिन शर्त रखी कि दोनों आरोपी न तो देश छोड़ सकते हैं और न ही दोबारा ऐसा जुर्म करेंगे।



### हार के बाद आप ने बनाया स्टूडेंट विंग एएसएपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) अपनी ताकत बढ़ाने के लिए नई कोशिशों में जुट गई है। पार्टी ने मंगलवार को अपने स्टूडेंट विंग का गठन किया, जिसे असोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) नाम दिया है। पार्टी छात्र संगठन के जरिए युवाओं के बीच अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश करेगी। आने वाले दिनों में पार्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी, जेएनयू समेत अन्य यूनिवर्सिटी में छात्र संघ का चुनाव इसी विंग के जरिए लड़ेगी।

### मदरसों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

**देहरादून।** उत्तराखंड के मदरसों में अब बच्चों को ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने राज्य में मदरसा पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिन्दूर पर एक पूरा अध्याय शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसमें भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक कहानी शामिल होंगी। पूरे उत्तराखंड में 451 पंजीकृत मदरसों में 50,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं, जो अब ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में अध्ययन करेंगे।



## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# संविधान के उल्लंघन का ठोस सबूत लाएं तभी करेंगे हस्तक्षेप

### वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

### संसद की ओर से पारित कानून में होती है संवैधानिकता की धारणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ में सुनवाई हो रही है। जस्टिस ऑगस्टिन जार्ज दूसरे जज हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है। उन्होंने याचिकाकर्ता को कहा कि संविधान के उल्लंघन का ठोस सबूत लाने पर ही हस्तक्षेप होगा।




**ठोस सबूत लाएं, तभी हस्तक्षेप :** कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी पक्ष रख रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने याचिकाकर्ताओं को कहा कि संसद की ओर से पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है, इसका जब तक कोई ठोस मामला नहीं आता, अदालतें इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

**केंद्र सरकार की दलील**

केंद्र सरकार का पक्ष रखने वाले तुषार मेहता ने कहा कि अदालत ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे, इन्हीं तीन मुद्दों के जवाब अपने हलफनामा में दाखिल किया है। जबकि याचिकाकर्ता चाहते हैं कि इन तीन मुद्दों के अलग भी कई अन्य मुद्दों पर सुनवाई हो। उन्होंने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केवल इन्हीं तीन मुद्दों तक सुनवाई को सीमित रखा जाए। इसका विरोध करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि महत्वपूर्ण कानून पर टुकड़ो में सुनवाई नहीं हो सकती। सिब्बल ने दलील दी कि यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन करता है।

**वक्फ संपति रजिस्ट्रेशन पर बहस**

अपने दलील में कपिल सिब्बल ने कहा कि पुराने अधिनियम में **Shall** शब्द का इस्तेमाल किया गया था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि केवल **Shall** शब्दों के प्रयोग से पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं हो सकता, ऐसा नहीं करने पर परिणाम क्या होगा, इसका कोई प्रावधान था? इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि एक्ट में सिर्फ इतना कहा गया है कि जो मुत्तवल्ली ऐसा नहीं करता, वह अपना अधिकार खो देता है। फिर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम पूछ रहे हैं कि क्या प्रासंगिक समय के अधिनियमों के तहत वक्फ घोषित की गई संपत्ति का पंजीकरण होना अनिवार्य या आवश्यक था। इस पर सिब्बल ने कहा कि 1954 के बाद वक्फ कानून में जितने भी संशोधन हुए, उनमें वक्फ प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य था।

**वे तीन मुद्दे, जिन पर सुनवाई चाहता है केंद्र**

*तीन मुद्दों में से एक मुद्दा है, वक्फ बाय कोर्ट, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड द्वारा घोषित संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने की शक्ति। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुस्लिम सदस्य ही इन संस्थाओं में होने चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि वक्फ घोषित की गई कोई भूमि सरकारी है या नहीं, तो जांच रिपोर्ट आने तक संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।*

# जेल भेजे गए अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सेना की पाकिस्तान में की गई कार्रवाई थी, जो पहलगाम हमले के बाद शुरू हुई थी। हरियाणा पुलिस ने प्रोफेसर महमूदाबाद को सात दिन की पुलिस रिमांड देने की मांग की थी, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। हालांकि, सोनीपत की अदालत ने पुलिस की मांग को पूरा नहीं किया और उन्हें सीधे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। प्रोफेसर ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जहां बुधवार को इस मामले पर सुनवाई होने की संभावना है। प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के पोस्ट को भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ माना गया और खासतौर से महिला अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के प्रति अपमानजनक बताया गया था।

### यह कहा था पोस्ट में

प्रोफेसर खान महमूदाबाद पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसी बातें कीं जो सेना की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और भारतीय महिला सैन्य अधिकारियों का अपमान करती हैं। अपनी पोस्ट में महमूदाबाद ने सुझाव दिया था कि कर्नल कुरैशी की सराहना करने वाले 'दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों' को भीड़ द्वारा हत्या के शिकार लोगों और उन लोगों के लिए भी वकालत करनी चाहिए जिनके घरों को 'मनमाने ढंग से' बुलडोजर से गिरा दिया गया। उनकी पोस्ट के एक अंश में लिखा है, 'दो महिला सैनिकों द्वारा अपने निष्कर्षों को पेश करने का नजरिया महत्वपूर्ण है, लेकिन नजरिए को जमीनी हकीकत में बदलना चाहिए, नहीं तो यह सिर्फ पाखंड (हिपोक्रेसी) है।'

## तिरंगा यात्रा...



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में मंगलवार को भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए लोग तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए। पहलगाम अटैक के बाद भारतीय सेना ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाक के भीतर के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर घेरा हालिया अटैक पर केंद्र सरकार को

# 'सरकार ने नहीं दी सुरक्षा इसलिए पहलगाम में मारे गए पर्यटक'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अब इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर पहलगाम में सुरक्षा दी गई होती तो लोगों की मौत नहीं होती। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए कश्मीर नहीं गए, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों ने मना किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'कश्मीर में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। आपने (केंद्र सरकार ने) पर्यटकों से वहां (पहलगाम) न जाने को क्यों नहीं कहा? अगर आपने उन्हें बताया होता तो 26 लोगों की जान बच सकती थी और यह छोटा सा युद्ध भी रुक सकता था।'



**विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा**

खड़गे ने विदेश नीति को लेकर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी पिछले 11 सालों से लगातार विदेश यात्राएं कर रहे हैं, लेकिन जब भारत को पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत थी, तो कोई भी देश हमारा साथ देने के लिए आगे नहीं आया। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने 151 विदेश यात्राएं की हैं और 72 देशों का दौरा किया है। इनमें से 10 बार उन्होंने अमेरिका का दौरा किया है।

**किसी ने नहीं किया हमारा समर्थन**

खड़गे ने कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर का बेलआउट लोन दिया है लेकिन किसी ने भी भारत के रुख का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे बहादुर सशस्त्र बल आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे, तब अचानक सीजफायर की घोषणा कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह कहकर हमारे देश का अपमान किया है कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम करवाया और इसे कम से कम 7 बार दोहराया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एकजुट था, लेकिन मोदी जी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों के बारे में देश की जनता को स्पष्टता न देकर इस मुद्दे को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पहलगाम अटैक के बाद हुए संघर्ष में पाक ने किया था इसका उपयोग

# भारत के हाथ लगी चीन की पीएल-15ई मिसाइल

### फ्रांस और जापान भी मांग रहे इसके टुकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ सामने आया है। भारतीय वायुसेना के हाथ चीन की सबसे उन्नत एयर-टू-एयर मिसाइल पीएल-15ई के महत्वपूर्ण हिस्से लगे हैं — और यह सिर्फ एक सैन्य घटना नहीं, बल्कि एक रणनीतिक सूचना युद्ध का हिस्सा बन गई है। इस मिसाइल को दुनिया की सबसे खतरनाक बीवीआर (बियॉंड विज्वल रेंज) हथियारों में गिना जाता है। और अब भारत के पास इसका 'डीएनए' है — वह तकनीकी जानकारी जो इस मिसाइल को इतनी खतरनाक बनाती है। पाकिस्तान की वायुसेना ने इस चीनी मिसाइल का उपयोग किया था, लेकिन भारत की उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर तकनीक ने इसे विफल कर दिया। इसके बाद पीएल-15ई के टुकड़े 9 मई को पंजाब के होशियारपुर में एक खेत में मिले। भारत ने इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित भी किया। अब यह मलबा सिर्फ एक टूटी हुई मिसाइल नहीं, बल्कि तकनीकी गुप्त खजाना बन चुका है — ऐसा खजाना, जिसे फ्रांस, जापान और फाइव आईज देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड) ने देखने में दिलचस्पी दिखाई है।




**पीएल-15ई: एक रणनीतिक हथियार**

चीन ने पीएल-15ई को अपने अत्याधुनिक फाइटर जेट्स जे-20, जे-10C और जे-16 के लिए डिजाइन किया है। यह 200 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को निशाना बना सकती है और इसमें **AESA** रडार सीकर जैसी तकनीक है, जो इसे बेहद सटीक और खतरनाक बनाती है। चीन ने इसे भारत के मेटिओर और अस्त्र मिसाइलों के विकल्प के रूप में प्रचारित किया था, लेकिन भारत ने न केवल इसे बेअसर किया, बल्कि इसके मलबे से इसके तकनीकी राज भी खोलने शुरू कर दिए हैं।

**फ्रांस और जापान क्यों हैं इतने उत्सुक?**

फ्रांस, जो अपने बीवीआर मिसाइल सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है, पीएल-15 की कार्यक्षमता और तकनीक को समझकर चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना चाहता है। जापान, जो पूर्वी चीन सागर में चीन से बढ़ते टकरावों से जूझ रहा है, एफ-35 जैसे फाइटर जेट्स की रक्षा के लिए इस डेटा को बेहद उपयोगी मानता है। फाइव आईज समूह के देश साइबर और तकनीकी जानकारी को लेकर पहले से ही चीन पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। पीएल-15ई की रिवर्स इंजीनियरिंग से उनके साइबर डिफेंस और मिसाइल डिटेक्शन सिस्टम को एक नया आयाम मिल सकता है।

### आवाजाही ठप, फंसी गाड़ियां, श्रद्धालु परेशान

# कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़

एजेंसी ▶▶| पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है। आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को जा रहे और लौट रहे यात्री मार्ग में ही फंसे हुए हैं। बीआरओ ने सड़क खोलने का काम शुरू कर दिया है। विशालकाय चट्टान गिरने के कारण बंद मार्ग को आज देर शाम तक खुलने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धारचूला के एसडीएम मंजीत सिंह ने बताया कि मार्ग पर भारी चट्टान गिरा हैं। बोल्डर और मलबा हटाने का कार्य जारी है। शाम तक सड़क को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# आयुष्मान का पैकेज 7 बरस पुराना... ओपन हार्ट सर्जरी का खर्च 6 लाख, मिल रहा ढाई लाख, डाक्टरों ने कहा- रीव्यू की बड़ी जरूरत

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में बीमारियों के लिए निर्धारित दर में पिछले सात साल से संशोधन नहीं किया गया है। वर्तमान में जिस ओपन हार्ट सर्जरी का खर्च लगभग 6 लाख रुपये हो गया है, उसके लिए आयुष्मान की दर ढाई लाख रुपये निर्धारित है। इसके अलावा पैकेज में शामिल अन्य बीमारियों के इलाज का पैकेज भी वर्तमान ▶▶शेष पेज 5 पर

### पुनः निर्धारण की नितांत जरूरत



पैकेज के पुन: निर्धारण किए जाने की नितांत आवश्यकता है। एसोसिएशन ऑफ़हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया सहित विभिन्न संगठन इसकी मांग काफी समय से करते आ रहे हैं। राज्य में अभी योजना के लिए जो दरें लागू है उस पर मरीजों को उपचार की सुविधा देना काफी मुश्किल है। पैकेज का समय-समय पर रिव्यू करना आवश्यक है।
- डा. राकेश गुप्ता, छत्तीसगढ़ चैप्टर अध्यक्ष एएचपीआई

### बीजू कार्ड का सिस्टम सही

ओडिशा सरकार द्वारा पूर्व में संचालित बीजू स्वास्थ्य कार्ड की योजना को शानदार माना जाता है। इसमें बीमारियों के पैकेज संतोषप्रद होने के साथ भुगतान और निगरानी का सिस्टम भी व्यवस्थित था। चिकित्सकों का कहना है कि प्रदेश में भी इस तरह का ▶▶शेष पेज 5 पर

### इस तरह का पैकेज

| बीमारी | आयुष्मान का पैकेज | औसतन खर्च |
|---|---|---|
| ओपन हार्ट सर्जरी | 2.50 लाख | 6 लाख |
| बाईपास सर्जरी | 1.09 लाख | 3.5 लाख |
| न्यूरो सर्जरी | 70-80 हजार | 5-7 लाख |
| हिप रिप्लेसमेंट | 30 हजार | 50 हजार |
| पथरी का इलाज | 30 हजार | 52 हजार |
| स्पाइन सर्जरी | 44 हजार | 91 हजार |

▶▶शेष पेज 5 पर

### अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा पैकेज निर्धारित



शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में निर्धारित कई बीमारियों के पैकेज अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। स्वास्थ्य योजना के पैकेज का निर्धारण केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अपने-अपने विवेक और आवश्यकताओं के आधार पर करती है। राज्य स्तर पर कुछ पैकेज में रिवाइज करने की आवश्यकता है जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मंथन कर रही है।
- श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री

### रिवाइज करने की काफी जरूरत



स्वास्थ्य योजना का पैकेज काफी पुराना है। समय के साथ सर्जिकल और मेडिकल आयटम की कीमतें बढ़ चुकी है जिसे ध्यान रखते हुए इसे रिवाइज करने की आवश्यकता है। रेट रिवीजन करने के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाकर फीडबैक लेना चाहिए। राज्य की भौगोलिक स्थिति और अस्पतालों की सुविधा को ध्यान रखते हुए पैकेज का निर्धारण किया जाना चाहिए।
- डा. विवेक केशरवानी, डायरेक्टर, सुयश हास्पिटल

### स्वास्थ्य सुविधा में सुधार होगा



स्वास्थ्य योजना के पैकेज काफी पुराने है जिसमें वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखकर सुधार की आवश्यकता है। पैकेज में संशोधन से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा।
- डा. सुनील खेमका
डायरेक्टर श्री नारायणा हास्पिटल


**योजना के पैकेज पर अस्पताल चलाना मुश्किल, होने वाली गड़बड़ी का प्रमुख कारण भी यही**

**बढ़ती मंहगाई का दिया हवाला सभी बीमारियों के पैकेज में 50 फीसदी बढ़ाने की आवश्यकता**

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### स्वर्ण मंदिर में तैनात नहीं की गई थी एयर डिफेंस गन



नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर में कोई हवाई रक्षा प्रणाली तैनात नहीं किया गया था। भारतीय सेना ने बयान जारी कर यह स्पष्टीकरण दिया है। यह बयान उन खबरों के मद्देनजर आया है, जिनमें कहा जा रहा था कि स्वर्ण मंदिर परिसर के भीतर हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की अनुमति दी थी।

### घायल को अस्पताल पहुंचाने पर 25000 का इनाम



इंदौर। मप्र सरकार ने सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार की 'राहवीर योजना' को लागू करने के बारे में घोषणा की। इस योजना के तहत ऐसे लोगों को 25,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा, जो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाएंगे।

### माउंट ल्होत्से से लौटते भारतीय पर्वतारोही की मौत




काठमांडू। हिमालय में दुनिया के चौथी सबसे ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से पर चढ़ने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मृत्यु हो गई। राजस्थान के राकेश बिश्नोई ने सोमवार को ल्होत्से के शिखर से लौटने के बाद कैंप-4 के पास येलो बैंड में अंतिम सांस ली। ल्होत्से पर्वत समुद्र तल से 8,516 मीटर ऊचाईं पर स्थित स्थित है।

### पत्थर खदान में चट्टान दरकने से पांच की मौत



शिवगंगा। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में पत्थर खदान में अचानक चट्टान दरकने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर मजदूर थे। पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने पत्थरों को हटाने के बाद तीन लोगों के शवों को बाहर निकाला।

### हैदराबाद अग्निकांड की जांच के लिए समिति गठित



हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद के चारमीनार इलाके में भीषण आग की व्यापक जांच करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की है। इस अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई थी। राज्य के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

*दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार से पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है, जो मानसून के आने की एक जून की सामान्य तिथि से पहले है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले पूर्वानुमान जताया था कि मॉनसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा।*

- भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान 16 साल बाद समय से पहले मानसून
- चार दिन पहले यानी 27 को दस्तक देने की संभावना

### आगे बढ़ा दक्षिण पश्चिम मानसून



मौसम विभाग ने 19 मई को बताया कि अगले 2-3 दिनों में मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक या दो स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी।

### पिछले 5 सालों में कब आया मानसून

| साल | मानसून की शुरुआत |
|---|---|
| 2024 | 30 मई |
| 2023 | 30 मई |
| 2022 | 8 जून (देरी से) |
| 2021 | 29 मई |
| 2020 | 3 जून |

# मानसून के केरल पहुंचने से पहले कई राज्यों में झमाझम, 15 की मौत

### आमतौर पर मानसून की ऐसी रफ्तार

- 01 जून-केरल में आगमन
- 08 जुलाई तक पूरे देश में फैलता है
- 17 सितंबर से वापसी शुरू
- 15 अक्टूबर तक पूरी तरह समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर सबसे जल्दी दस्तक देने वाला मानसून होगा। 2009 में मॉनसून 23 मई को आया था। आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को अद्यतन जानकारी देते हुए कहा, अगले चार से पांच दिनों में केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून एक जून तक केरल पहुंचता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। पिछले साल मानसून केरल में 30 मई को पहुंचा था, 2023 में यह आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को केरल पहुंचा था। आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के ▶▶शेष पेज 5 पर



### इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश

आईएमडी ने अप्रैल 2025 में जारी अपने लॉन्ग-रेंज फोरकास्ट में अनुमान जताया था कि इस साल सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। यह पूर्वानुमान अल नीनो जैसे वैश्विक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अल नीनो के प्रभाव को कमजोर बताया है। इसका मतलब है कि अल नीनो का मानसून पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ने की उम्मीद है। आईएमडी ने 50 वर्षों के औसत 87 सेंटीमीटर को आधार मानते हुए वर्षा का वर्गीकरण भी दिया है।

### कर्नाटक, तमिलनाडु में बारिश का कहर

## छग में भी बदला मौसम

- केरल में रेड अलर्ट पांच दिन में पहुंचेगा मानसून



एक तरफ जहां उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत के दक्षिणी राज्यों में बारिश कहर बनकर टूट पड़ा है। छग में मौसम बदला हुआ है। पिछले कुछ दिनों में भारत के कई दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश हुई है जिसके बाद केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में स्थिति खराब हो गई है। कर्नाटक में बारिश से 5 और तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हो गई। झारखंड में बिजली गिरने से 5 और महाराष्ट्र में 2 मौतें हुईं हैं। आईटी हब बेंगलुरु के कुछ क्षेत्रों में जलभराव की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इन राज्यों में भरी बारिश की संभावना जताई है और इन्हें हाई अलर्ट पर भी रखा गया है। बेंगलुरु कर्नाटक का सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां मूसलाधार बारिश के सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया।

### बालोद में बुजुर्ग की मौत

बालोद। ग्राम देवतराई के पास आकाशीय बिजली से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मंगलवार शाम अचानक बादल घिर आए और आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। ऐसे में बारिश से बचने बुजुर्ग पेड़ के नीचे खड़े हो गए। बिजली गिरी और चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# न्यायिक सेवा परीक्षा के लिए तीन साल वकालत जरूरी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि युवा विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करना अनिवार्य है। इस फैसले का न्यायिक सेवा के अभ्यर्थियों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने भावी न्यायाधीशों के लिए अदालती अनुभव के महत्व को दोहराया। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, नए विधि स्नातकों की नियुक्ति से कई कठिनाइयां आई हैं, जैसा कि कई उच्च न्यायालयों ने कहा है। न्यायिक दक्षता और क्षमता सुनिश्चित करने के लिए अदालत में व्यावहारिक अनुभव आवश्यक है। पीठ ने कहा कि निम्न श्रेणी कैडर के प्रवेश स्तर के सिविल न्यायाधीश पदों के लिए ▶▶शेष पेज 5 पर

### पुरानी भर्तियों पर लागू नहीं

पहले भी कई राज्यों में ये नियम था कि कम से कम 3 साल के लॉ प्रैक्टिस एक्सपीरियंस वाले लोग ही ज्यूडिशियल सर्विस एग्जाम के लिए अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन वर्ष 2002 में सुप्रीम कोर्ट ने ये अनिवार्यता खत्म कर दी थी। जिसके बाद नए लॉ ग्रेजुएट्स मैजिस्ट्रेट जैसे पदों के लिए अप्लाई कर पा रहे थे। हालांकि बाद में SC को पुराना नियम लागू करने की मांग वाले कई आवेदन मिले।

### न्यायिक सेवा: अब क्या होगी पात्रता

शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार, लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद 3 साल का अनुभव जरूरी होगा। उसके बाद ही आप भारत में न्यायिक सेवा परीक्षा के पात्र हो पाएंगे। हालांकि, प्रैक्टिस की अवधि की गिनती प्रोविजनल एनरोलमेंट की डेट से की जा सकती है। एक लॉ क्लर्क के रूप में 3 साल का अनुभव भी योग्यता की शर्तें पूरी करेगा। कोर्ट ने कहा, अभ्यर्थी किसी अधिवक्ता द्वारा दिया गया सर्टिफिकेट, जिसके पास कम से कम ▶▶शेष पेज 5 पर

# दानिश से डेढ़ साल से संपर्क में थी ज्योति, हाई सिक्यूरिटी जोन के मिले वीडियो

- जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर से एनआईए, आईबी की पूछताछ



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, गुप्तचर ब्यूरो और सैन्य खुफिया अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हाल में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा के वित्तीय लेन-देन और यात्रा विवरण की भी जांच की जा रही है।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले हैं। इधर, जांच एजेंसियों की मानें तो वो पिछले 1.5 महीने तक पाकिस्तान हैंडलर एहसान डार उर्फ दानिश के साथ नियमित संपर्क में थी।

### इन अहम सवालों के तलाश रहे जवाब

- क्या ज्योति मल्होत्रा की साल 2023 की पाकिस्तान यात्रा वाकई आध्यात्मिक थी या पूर्व-निर्धारित साजिश का हिस्सा?
- एहसान डार से उसका परिचय किसने और क्यों कराया?
- क्या उसे पाकिस्तान स्थित हैंडलर से वित्तीय या डिजिटल मदद मिली?
- पहलगाम हमले के बाद शूट किया गया वीडियो वास्तव में उसका खुद का विचार था या किसी हैंडलर की ब्रीफिंग?
- ज्योति की चीन, दुबई, बांग्लादेश और भूटान यात्राओं की फंडिंग की भी जांच की जा रही

### पाक उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी ज्योति

कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतरराष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुईं, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ।

# अटारी बॉर्डर पर 12 दिन बाद रिट्रीट सेरेमनी...






- देशभक्ति गीतों पर झूमे सैलानी, नहीं खुले गेट
- पाकिस्तान की गैलरी रही पूरी तरह से खाली
- टैक्सी चालकों में भी लौटी खुशी

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते अमृतसर के अटारी-वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी बंद कर दी गई थी। अब हालात सामान्य होने पर मंगलवार को अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी एक बार फिर से शुरू कर दी गई। हालांकि पहले दिन रिट्रीट देखने जाने वाले लोगों की संख्या एक हजार से 1500 के बीच रही। अटारी बॉर्डर पर पहुंचे सैलानियों की ओर से वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे इतनी ऊंची आवाज में लगाए गए कि भारतीयों का जोश देखकर पाकिस्तानी रेंजर्स के होश उड़े फाख्ता हो गए। सेरेमनी के दौरान बीएसएफ की ओर से गेट पूरी तरह से बंद रखे गए। रिट्रीट सेरेमनी के दौरान सैलानियों ने बीएसएफ जवानों का हौसला बढ़ाया।

आज होगा शामिल

# नौसेना के जंगी बेड़े में पहला प्राचीन 'सिला हुआ' जहाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अब वो दिन दूर नहीं जब भारत अपने प्राचीन और समृद्ध समुद्री इतिहास को वर्तमान में जस का तस पूरी दुनिया के सामने दोहराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिसमें सबसे अहम भूमिका निभाएगा भारतीय नौसेना का पहला प्राचीन सिला हुआ जहाज। जो न केवल सफलतापूर्वक ▶▶शेष पेज 5 पर

### अजंता की गुफाओं की चित्रकारी से मिली प्रेरणा

नौसेना ने कहा, यह जहाज 5वीं शताब्दी के जहाज का एक प्रकार से पुनर्निर्माण है। जिसकी प्रेरणा अजंता की गुफाओं में मौजूद चित्रकारी से ली गई है। इसके निर्माण की पूरी प्रक्रिया परंपरागत रही। जिसमें मास्टर शिपराइट बाबू शंकरन के नेतृत्व में केरल के कारीगरों ने काम किया। जहाज को हुडी इनोवेशंस ने इस साल फरवरी में लांच किया था। सिला हुआ हल, स्क्वायर सेल, वुडन स्पार्स व परंपरागत स्टीयरिंग तंत्र जहाज को दुनिया में नौसैन्य सेवा में तैनात बाकी जहाजों के समकक्ष लाकर खड़ा करता है।

## तीन साल से खाली दो पदों पर अब जल्द होगी नियुक्ति

# मुख्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू के बाद नाम सरकार के हवाले, अब 28 को होगा आयुक्त के लिए साक्षात्कार

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए दावेदारों के इंटरव्यू का काम पूरा हो गया है। इस काम के लिए बनाई गई कमेटी ने इंटरव्यू के बाद नाम की अनुशंसा राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है। अब सरकार मुख्य सूचना आयुक्त के नाम की घोषणा करेगी। इसी ▶▶शेष पेज 5 पर

### ये हैं प्रमुख दावेदार



सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त पद के 33 दावेदार हैं, इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 51 दावेदारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। मुख्य सूचना आयुक्त के प्रबल दावेदारों में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम हैं। इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व आईएएस अमृत कुमार खलको, बृजेश कुमार मिश्रा, डॉ. संजय कुमार अलंग, त्रिलोक चंद महावर, और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम शामिल है। कुछ दावेदारों ने दोनों पदों के लिए आवेदन किए हैं।

### साढ़े चार हजार से अधिक शिकायतें

आयोग में वर्ष 2024 में दिनांक 30 नवंबर, 2024 तक शिकायत के कुल 4567 प्रकरण पंजीकृत किए गए। 31 दिसंबर 2023 की स्थिति में 12,915 प्रकरण लंबित सहित कुल 16,482 शिकायत के प्रकरणों में से कुल 3,178 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 52 लाख 25 हजार 250 रुपए की शास्ति और 500 रुपए क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु आदेश पारित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में वर्ष 2024 में द्वितीय अपील हेतु नगद, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, पोस्टल आर्डर, मनीआर्डर, नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प एवं चालान के रूप में 6 लाख 91 हजार 580 रुपए विभिन्न माध्यमों से जमा हुए।

## चिंतन

# कोरोना वायरस को हराने के लिए रहना होगा सतर्क

कोरोना की फिर से वापसी की आहट सुनाई देने लगी है। यह आशंका सताने लगी है कि क्या यह फिर से अपने पांव फैला सकता है। दिसंबर 2019 में चीन के वुहान से रहस्यमय तरीके से फैले इस वायरस ने कुछ ही महीनों में दुनिया के अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया था और मार्च 2020 में विश्व स्वस्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। महज तीन साल के समय में वायरस की कई लहरों ने दुनियाभर में 70 लाख से अधिक लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। नवंबर 2023 में कोरोना वायरस की अंतिम लहर देखी गई थी, लेकिन बीते कुछ दिनों के दौरान एक बार फिर कोरोना की आहट सुनाई देने लगी है। एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। सिंगापुर में एक मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इसके अलावा भी अलग-अलग राज्यों में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर केरल का नाम है। केरल में इस वक्त कोविड-19 के सबसे ज्यादा मरीज हैं। प्रदेश में इस वक्त कोरोना के 69 मामले एक्टिव हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 44 मामले हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8, गुजरात में 6 और दिल्ली में करीब 3 मामले सामने आए हैं। हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में भी एक-एक मामले हैं। एशिया में कोरोना के मामले बढ़ने की वजह वायरस का नया वैरिएंट बताया जा है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट जेएन 1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। इसके बावजूद सरकार ने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। डर है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। इसके चलते देशभर में सुरक्षा के उपाए किए जा रहे हैं। सरकार तो अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। हमें और आपको भी कोरोना के नए वायरस को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। जैसे हमने पहले कोरोना को हराया है, इस बार फिर उसे हराना है। इसके लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। अगर आपको सूखी खांसी, नाक बहना या बंद होने, सिरदर्द, गले में खराश, बुखार और थकावट होने, स्वाद या गंध का महसूस न होने के साथ पाचन की दिक्कत हो रही है तो तुरंत खुद को दूसरों से अलग कर लें। घर से बाहर न निकलें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाएं। बार-बार हाथ धोते रहें और हाथ मिलाने से पहरेज करें। बस ऐसे ही कुछ उपायों से हम कोरोना को सहजता से पराजित कर सकते हैं। डरें नहीं, सतर्क रहें।

## सामरिक चुनौती

डॉ. एल.एस. यादव



# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबूत करना है। ऐसे में भारत का रक्षा बजट बढ़ाया जाना समय की जरूरत है। इसके तहत रक्षा तैयारियों को नई गति देते हुए सरकार ने ब्रह्मोस, आकाश सहित अन्य स्वदेशी मिसाइलों व दूसरी प्रमुख उन्नत किस्म की स्वदेशी हथियार प्रणालियों में तेजी लाने को लिए संबंधित रक्षा कंपनियों को निर्देश दे दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि आधुनिक युद्धों में इन्हीं हथियारों की प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में बढ़ाया जाने वाला रक्षा बजट इन्हीं क्षेत्रों में खर्च होने की संभावना होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आतंक विरोधी दिवस

अखिलेश आर्येन्दु

# आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना जरूरी

चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। 11 राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

दुनिया में सबसे विकट, गंभीर और बर्बरता का पर्याय आतंकवाद वर्षों से मानवता का विध्वंसक बना हुआ है। इससे महज जान-माल का खतरा ही नहीं पैदा हुआ है बल्कि इंसानियत की हत्या आतंकवाद के जरिए हो रही है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इससे अत्यंत गम्भीर समस्याएं पैदा हुई हैं। अमेरिका, अफ्रीका, रूस, फ्रांस, जर्मन, जापान जैसे विकसित देश इसकी बर्बर हिंसक गतिविधियों से पीड़ित तो हैं ही, एशिया के तकरीबन सभी मुल्क जिसमें भारत सबसे ज्यादा आंतरिक और विदेशी (बाह्य) दोनों से गम्भीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिसमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर आतंकवाद फैलाना शामिल है। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की एक वजह रही है जैसे वामपंथी नक्सलवाद का जन्म, जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया।

पिछले चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। ग्यारह राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले और धर्म व मजहब के नाम पर हिंसा करने वाले, अपनी बात जबरन मनवाने वाले संगठन भारत में अराजकता फैलाने का काम करते रहे हैं। कुछ राज्यों में आतंकवाद की वजह से उद्योग, पर्यटन और दूसरे तमाम क्षेत्रों में रोजगार में कमी आई है। इससे शासन और सरकार की स्थिरता पर गहरा असर रहा है। साथ में, देशभर में अराकता का माहौल पैदा करने की इनकी कोशिश जगजाहिर है। यह देशों के बीच संघर्ष और तनाव पैदा करने का काम भी करता है। भारत में 2014 के पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल की सीमा से आतंकवादी घुसपैठ करते थे और बहुत बड़े पैमाने पर भारत में तकरीबन सभी राज्यों में बम विस्फोट और हिंसा की बर्बर घटनाएं आए दिन होती थीं, जिससे बड़ी तादाद में जान-माल का नुकसान होता था। कहना न होगा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद कानून व्यवस्था हर तरह से चाक-चौबंद की गई और आतंकवादी घटनाओं पर कुछ ही महीने में काबू पा लिया गया। लेकिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इसी दौरान धारा 370 खत्म की गई और जम्मू-कश्मीर को पुनर्गठित कर तीन राज्यों कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में विभाजित कर इन्हें केंद्र शासित घोषित कर दिया गया। केंद्र सरकार के पिछले दस वर्ष आजादी के इतिहास में कई विकट समस्याओं के समाधान वाले रहे हैं। यह सरकार की नीतियों में अमूलचूल बदलाव से संभव हुआ। विदेश नीति के मामले निर्गुट नीति की जगह 'सर्वगुट' नीति को अपनाया गया। गौरतलब है कि 1947 से 2013 तक भारत की विदेश नीति निर्गुट, समझौतावादी और हिंसा




का जवाब अहिंसा से देने की रही है। यही वजह है कि पिछले चार दशकों से अधिक समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं भारत में लगातार जारी रहीं। पानी की तरह पैसा बहाकर भी धारा 370 के लागू रहने की वजह से केंद्र का यहां सीमित हस्तक्षेप था, जिसकी वजह से आतंकवाद लगातार फलता-फूलता रहा। जाहिर तौर पर पिछले कई दशकों से आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यूं तो भारत में आतंकवादी गतिविधियां 50 के दशक में ही बड़े पैमाने पर चालू हो गई थीं। विश्वभर में वामपंथ के उत्थान के बाद आतंकवादी गतिविधियां दुनिया के तमाम मुल्कों में देखी जाने लगी थीं, जिसके जद में यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत जैसे अनेक देश आए, लेकिन भारत में आतंकवाद सबसे ज्यादा गंभीर, मुखर और बर्बर गतिविधियों का एक विस्तृत स्वरूप में जारी रहा है। इसलिए 1967 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम को संशोधित किया गया है जिसमें संघीय सरकार को संगठनों और व्यक्तियों को 'आतंकवादी के रूप में नामित करने की शक्ति मिली है। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए)। यह अधिनियम अत्यंत कारगर है जिसमें अधिनियम अधिकारियों को आतंकवादियों से ताल्लुक रखने वाले गुटों के सदस्यों को बिना किसी प्रदर्शन के घोषित अवधि के लिए हिरासत में रखने की अनुमति देता है। फिर पोटा कानून बनाया गया लेकिन 2002 में यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया।

आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) 1985 में लागू किया गया, जिसे 1995 में निरस्त कर दिया गया था। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों का इस्तेमाल किया जाता है। आंतकवादी गतिविधियों को रोकने में आर्म्स एक्ट लागू है जो आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के संबंध में लागू किया गया है। इसी क्रम में विस्फोटक अधिनियम कानून भी लागू है जो विस्फोटक चीजों के इस्तेमाल से संबंधित मामलों से ताल्लुक रखता है। आज दुनिया में आतंकवाद एक ऐसी बर्बर मानवता विरोधी और सहिष्णुता विरोधी कवायद बन गया है जिससे डर, दहशत और खौफ पैदा होना आम बात है। भारत में नक्सलवाद भी आतंकवाद जैसा रहा, लेकिन अब नक्सलवाद की जड़ें तकरीबन सूख गई हैं जिससे आतंरिक आतंकवादी कवायदों पर लगाम लगी है। पूर्वोत्तर भारत में तमाम राजनीतिक, जातीय व सामाजिक संगठनों के जरिए भी हिंसक गतिविधियां लगातार चलती आई हैं। ये आतंकवादी गतिविधियां जैसी ही हैं। भारत में आतंकवाद का सबसे खतरनाक खेल पाकिस्तान पोषित आतंकवाद की वजह से है। एक पड़ोसी देश द्वारा आतंक, हिंसा और खौफ पैदा करना अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भी अपराध है। यह अपराध पाकिस्तान बार-बार कभी लुके-छिपे तो कभी खुलेआम करता रहता है। लेकिन अब भारत की विदेश नीति बदल चुकी है-'पहले छेड़ेंगे नहीं, छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं, के तहत पड़ोसी मुल्क को उसकी करतूतों की सजा देने के लिए पिछले दिनों सिन्दूर ऑपरेशन कर पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया गया। भारत का दृढ़संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

(लेखक पत्रकार, चिंतक और समाजसेवी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

# आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। *– प्रतीक पटले, भाटापारा*

## ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति



पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित



पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें



सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नशा-विरोधी मुहिम



टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजानिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।
-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते

पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं।



क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है, यानि इनसे पैदा होने वाले 2,00,000 कीटों को खत्म करने में मदद मिली है। हॉसमैन ने बताया कि अप्रैल में कुछ ही घंटों में कुत्तों ने क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स चिड़ियाघर में लगभग 1,100 अंडे के ढेर खोज निकाले। उन्होंने कहा, 'कोई भी मामूली कुत्ता इन अंडों को नहीं ढूंढ सकता है। ऐसे विशेष कुत्तों की सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है और उन्हें अपनी सेवा साबित करने के लिए कई परीक्षा पास करनी पड़ती है।' इन कुत्तों को वर्जीनिया टेक विश्वविद्यालय के एक समूह के नेतृत्व में एक शोध परियोजना के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था।

## ऑफ बीट

# बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है

हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है।



अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसे आमतौर पर एक नकारात्मक स्थिति के रूप में देखा जाता है, जिसे हमें अनुभव करने से बचने या रोकने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन क्या होगा अगर बोरियत को सकारात्मक स्थिति के रूप में देखने का कोई और तरीका हो? क्या बोरियत को अपनाना सीखना फायदेमंद हो सकता है? मस्तिष्क का तंत्र परस्पर जुड़े क्षेत्रों की एक प्रणाली है जो विभिन्न कार्यों का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करते हैं। हम इसकी तुलना एक ऐसे शहर से कर सकते हैं जहां उपनगर (मस्तिष्क क्षेत्र) सड़कों (तंत्रिका मार्ग) से जुड़े हुए हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## 'अरण्येर दिन रात्रि' का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन


कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। 'अरण्येर दिन रात्रि' के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि'को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।



## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार


2002 में मानद पाल्मे डी'ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे'फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला 'पाम डी ओर'

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा



पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।

***फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार*** : यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।

***गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे 'एक्वामैन' एक्टर*** : 'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों 'स्प्लिट्सविले'की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।


## रायपुर विकास प्राधिकरण

भक्त माता कर्मा काम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर,
रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
टोल फ्री नंबर 1800-233-7188

### "आम सूचना"

रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) का आवंटन, निम्नांकित सूची में दर्शित आबंटितियों को किया गया था। आबंटितियों द्वारा आवंटन आदेश के शर्तों के अनुसार समयावधि में किश्तों की राशि का भुगतान नहीं किया गया। राशि जमा करने के लिये दूरभाष (कॉलिंग, एस.एम.एस.) तथा नोटिस के माध्यम से सूचना दी गई किन्तु राशि जमा नहीं की गई है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आबंटिती भूखण्ड क्रय करने हेतु इच्छुक नहीं हैं अतः इस आम सूचना के माध्यम से आबंटितियों को अंतिम सूचना दी जाती है कि दिनांक 05.06.25 को शाम 5:00 बजे तक पूर्ण राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर उनका आवंटन निरस्त कर दिया जावेगा।

यदि आबंटिती चाहे तो दिनांक 05.06.25 तक बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करके अपना आवंटन यथावत रख सकेगा। आबंटितियों द्वारा समयावधि में पूर्ण राशि का भुगतान किया गया है तो रसीदों की छायाप्रति तत्काल जमा कर प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर सूचित करें। इसके पश्चात् दिनांक 05.06.25 के बाद आवंटन के संबंध में किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| स. क्र. | सेक्टर | भूखण्ड क्रमांक | रकबा (वर्गफुट) | प्रयोजन | आबंटितियों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7बी | A-122 | 3855 | सी.बी.डी. | श्री धनराज थारवानी, श्री प्रताप थारवानी, श्री कृपाल थारवानी, श्री अशोक थारवानी, प्रकाश थारवानी |
| 2 | 8ए | A-6b-5 | 1076.4 | व्यावसायिक (सेक्टर लेवल) | श्री संदीप कुमार जैन पिता श्री सुमीर मल जैन, श्री कमलेश कुमार चोपड़ा |
| 3 | 02 | A-53 | 4648.32 | आवासीय | श्री संदीप छाजेड़ |
| 4 | 8बी | C-39 | 645.83 | आवासीय | श्री कबीर चन्द्राकर |
| 5 | 02 | A-51 | 3970.48 | आवासीय | श्रीमती गीता बाई जैन |
| 6 | 8ए | D-16 | 4695.21 | आवासीय | श्री जयप्रकाश चन्द्राकर, गुप्तेश्वर चन्द्राकर एवं श्री नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी


## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं



**नई दिल्ली।** तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में 'योगी दा' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं। जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया। जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें। मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।'

## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी



**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!' इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है। इस तस्वीर में कैलिफोर्निया सिटी सांता मोनिका का नजारा भी साफ दिखाई दे रहा है।

## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब



**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, 'फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों -अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।' वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है। तो उन्होंने कहा, 'इस फिल्म के राइट्स और प्रोडक्शन अक्षय कुमार संभाल रहे थे। ऐसे में अगर किसी को नुकसान हुआ है तो वो सिर्फ अक्षय हैं। अगर परेश जी को कोई दिक्कत थी तो कम से कम बात करते। खैर, मैं सिर्फ डायरेक्टर हूं।

## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा 'शक्तिमान'



**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल 'शक्तिमान' पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो 'शक्तिमान' के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम 'शक्तिमान' शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।' पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है 'शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।' आपको बता दें 'शक्तिमान' एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में 'शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज' और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, 'हमारा हीरो शक्तिमान' आई।




संस्कृति
डा. ज्योति किरण चंद्राकर

# आंचलिक वैवाहिक नेंग में डूमर बिहाना

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में विवाह संस्कार में डूमर बिहाना रस्म बहुत मनोरंजक, रोचक तथा वर का परीक्षण करने वाला रसम किया जाता था ,जो की सुहासिनों द्वारा संपन्न किया जाता था। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में डूमर बिहाना रस्म वर के परीक्षण के लिए जेवनास ( बाराती रुकने की जगह जलपान के लिए) में किया जाता था। वर पक्ष जब बारात लेकर वधू के घर जाते हैं तो वहां रुकने के लिए जेवनास के रूप में शाला प्रांगण दिया या किसी सगा संबंधी के घर दिया जाता था। जेवनास में सुहासिनों द्वारा रंगोली बनाई जाती थी। जिसमें से एक रंगोली चावल आटे की विशेष आकृति से बनाई जाती थी। रंगोली में हल्दी - सुपारी को एकांतर क्रम में जमा कर रखा जाता था। जब बारात वहां आती तो दूल्हे को उस रंगोली से पैर बिना स्पर्श किए रंगोली को बिन मिटाए पार करना रहता था। जिसमें रंगोली की कोई लाइन खराब ना हो, और न ही हल्दी सुपारी अपनी जगह से हटे और रंगोली नहीं मिटाना चाहिए। फिर वर द्वारा इस प्रकार रंगोली को पार किया जाता था, क्योंकि यह कार्य वर के प्रतिष्ठा और दक्षता से जुड़ी हुई होती थी। इसलिए वह रंगोली को बिना मिटाए कुशलतापूर्वक पैर रखते हुए आगे बढ़ता है। जब सफलतापूर्वक रंगोली पार कर लेते हैं, तब सुहासिनें खुश हो जाती है, और उन्हें यह समझ आ जाता है कि वर बहुत कुशल और दक्ष है इस कारण उसका पैर सही है। वह हर कार्य अच्छे से कर सकता है। इस प्रकार यह रस्म बहुत रोचक, रोमांचक व परीक्षण करने वाला डूमर बिहाना कहलाता है।



कला जगत
डा. अर्चना पाठक

# छत्तीसगढ़ में रामायणकालीन संगीत का प्रभाव


रामायण काल में संगीत रूपी दो धाराओं साम या मार्ग संगीत और लौकिक या देशी संगीत की शिक्षा नियमानुसार दी जाती थी। रामायण काल में वर्तमान छत्तीसगढ़ का अधिकांश भाग श्रीराम कथा के पात्रों से संबंधित पाया जाता है। अतः वर्तमान छत्तीसगढ़ को रामायणकालीन आर्य सभ्यता का प्रसार करने में पूर्ण स्थान और गौरव प्राप्त है। वर्तमान छत्तीसगढ़ तत्कालीन संस्कृति और सभ्यता का एक पुनीत केन्द्र था। रामायण काल तक आर्य संस्कृति छत्तीसगढ़ के बस्तर स्थित दंडकारण्य तक पहुंच चुकी थी। आर्यों ने विंध्याचल और सिहावा पर्वत के निचले भाग तक पहुंच कर छत्तीसगढ़ के इस भू भाग में बसना प्रारंभ कर दिया था। उत्तर भारत में आर्य सभ्यता के प्रहरी और उनकी संस्कृति के रक्षक प्रमुख रूप से विश्वामित्र थे, किन्तु दक्षिण दिशा की ओर छत्तीसगढ़ समेत शेष भाग में संस्कृति को प्रशस्त करके प्रसारित करने का श्रेय अगस्त्य मुनि को जाता है। इस युग की सबसे बड़ी उपलब्धि वाल्मीकि रामायण है, जिसमें छत्तीसगढ़ भू भाग के बौद्धिक विकास की जानकारी मिलती है। इसके अतिरिक्त बाल्मीकि रामायण की कथा के अंतर्गत कुछ ऐसे पात्र हैं जो वर्तमान छत्तीसगढ़ के भू भाग में रहते हैं। रामायण काल पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है इस युग के सभी वर्ग एवं जाति, राजा, स्त्री, पुरुष, वानर, राक्षस सभी में संगीत का पर्याप्त प्रचार प्रसार था। अयोध्या नगरी, लंका, किष्किंधा आदि नगरों में एवं आर्यों, राक्षसों, वानरों के नगरों में संगीत के स्वर गूंजते रहते थे।



ऐतिहासिक
डा. रामकुमार बेहार

# छत्तीसगढ़ में शैव धर्म

छत्तीसगढ़ राज्य में वैदिक काल से आज तक भगवान शिव की पूजा की जाती है। शरभपूरीय शासक परम वैष्णव थे मगर बाद में स्थिति में परिवर्तन आया। दक्षिण कोसल में राज करने वाले पांडुवंशी शासक तीतरदेव की शाही उपाधि ही महाशिव थी। इसी वंश के महाशिवगुप्त बालार्जुन शैवा मतावलंबी के रूप में विख्यात हैं। इसकी राजमुद्रा में वृषभ और त्रिशूल का अंकन है। यह दोनों शिव से शिव नंदी रखकर, शिव के वाहन नंदी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया है। नलवंशी महान शक्तिशाली भवदत्त वर्मा के ईष्ट देव भगवान शंकर थे। उनका पुत्र अर्थपति महेश्वर की उपाधि प्राप्त करता था जो शंकर का ही एक नाम है। स्कंदवर्मा ने शैव संप्रदाय के स्थान पर वैष्णव धर्म को अपनाया। बस्तर के नागवंशी शासकों के काल में जगदेव भूषण राजा के सामंत जिसका नाम चंद्रादित्य था, बारसूर में शिव मन्दिर बनाया जो आज भी तत्कालीन स्थापत्य कला का शानदार नमूना है। नागवंशी काल में ही बारसूर में एक वृहदाकार चट्टान को तराश कर बड़ा गणेश बनाया गया, जो सर्वविदित है। कल्चुरी काल में शैव धर्म को राजश्रय मिला। इस वंश के अधिकांश शासक शैव थे। अभिलेखों में शिव की वंदना की गई है। कल्चुरीकालीन महत्वपूर्ण स्थलों यथा तुम्मान, मल्हार, रतनपुर,पाली, जांजगीर आदि स्थानों से शिव मूर्ति और मंदिर मिले हैं। मल्हार से प्राप्त एक मूर्ति में भगवान शिव अपने वाहन नंदी पर माता पार्वती के साथ आरूढ़ हैं। रतनपुर का शिव मंदिर चारों दिशाओं में ख्याति प्राप्त करने में सफल रहा।



**जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर, वनों की गहराई में बसा यह गांव अपने भीतर एक ऐसी दुनिया समेटे है जो अब भी प्रकृति की गोद में पूरी सादगी से सांस ले रही है। यहां की ताजी हवा, पक्षियों की चहचहाहट और चारों ओर फैला हरियाली का विस्तार आपके दिल-दिमाग को एक अनकही शांति से भर देता है। गोंड आदिवासी समाज की जीवनशैली यहां की आत्मा है-इनका सरल, शांत और प्रकृति से जुड़ा जीवन देखने वालों को ठहरने पर मजबूर कर देता है। यहां आकर यह एहसास होता है कि छत्तीसगढ़ सिर्फ खनिजों या त्यौहारों का नहीं, बल्कि अप्रतिम प्राकृतिक संस्मरणों का भी राज्य है।**

# धनदेवी माता के दरबार में पूरी होती है भक्तों की मन्नत




देवपाण्डुम गांव के पास स्थित एक प्राकृतिक उपहार है, जो सैकड़ों वर्षों से निरंतर बह रहा है। यह झरना किसी चित्रकार की बनाई कृति जैसा लगता है, जहां चट्टानों से गिरता पानी अपनी मधुर ध्वनि से मन को मोह लेता है। बरसात के मौसम में यह झरना अपने पूरे सौंदर्य के साथ खिल उठता है, और सैकड़ों पर्यटक तथा गांव वाले यहां आकर इसका आनंद लेते हैं। झरने के आसपास की हरियाली और ताजगी, इसे एक दंतकथा जैसा स्थान बना देती है। पास ही एक गुफानुमा स्थान भी है, जिसके बारे में मान्यता है कि सदियों पहले यहां किसी का वास हुआ करता था। आज ये गुफाएं रहस्यों से भरपूर हैं, जो इतिहास प्रेमियों और साहसिक यात्रियों को रोमांचित करती हैं।


झरने से कुछ दूरी पर, जंगलों के मध्य एक पगडंडी आपको ले जाती है एक दिव्य स्थल—धनदेवी माताजी के मंदिर तक। यह स्थान न तो किसी बड़ी ईमारत में बसा है, न ही इसकी कोई भव्य सजावट है, लेकिन यहां की ऊर्जा और आस्था की ताकत आपको झुकने पर विवश कर देती है। गांव के सरपंच श्री गौतम राणा बताते हैं कि गांव की समृद्धि और शांति के लिए सभी ग्रामीण यहां देवी मां की आराधना करते हैं। कहा जाता है कि जो भी यहां सच्चे दिल से प्रार्थना करता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। जंगलों की गोद में बसी यह आस्था, आधुनिकता से दूर लेकिन आत्मा के बेहद पास है।

देवपाण्डुम गांव एक ऐसी जगह है जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह स्थान न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, बल्कि लोककथाओं, परंपराओं और श्रद्धा की भावनाओं से भी समृद्ध है। देवपाण्डुम का शाब्दिक अर्थ है - ₹देवताओं का निवास₹ और यहां के निवासियों का विश्वास है कि यह स्थल दिव्य शक्तियों से आशीर्वादित है।









आस्थाः कमलेश यादव

गांव की कहानी : लक्ष्मी शंकर निगम

# सांकरा में कई पुरातन साक्ष्य

**छत्तीसगढ़ के सरायपाली क्षेत्र में जोंक नदी के किनारे ग्राम सांकरा बसा हुआ है। जोंक नदी ग्राम सांकरा और कौड़िया राज्य की विभाजक नदी है। सांकरा का एक और संकट भी होता है। जोंक नदी के बाढ़ के कारण प्रायः इस ग्राम को संकट का सामना करना पड़ता है इस कारण हो सकता है इस गांव का नाम संकट की वजह से रखा गया होगा। इतिहासकार विल्सन के अनुसार वे जोंक के अभिज्ञान को अधिक उचित मानते हैं, क्योंकि महानदी के मैदान से समुद्री तट को जोड़ने वाला काल्पनिक पथ सांकरा के पास से जाता था, जो इस नदी के तट पर स्थित है। पलाश वृक्षों की अधिकता के कारण इसका नाम प्लाशिनी पड़ना समुचित प्रतीत होता है। जोंक नदी को पुराणों में भी प्लाशिनी कहा गया है ।**



सांकरा का क्षेत्र पहले घनघोर जंगल था। अंग्रेज इन वनों से लाभ लेना तथा अपने साम्राज्य की नींव गहरी करना चाहते थे। इस कारण अधीनस्थ रियासत पर यातायात में सुधार लाने के लिए दबाव डालते रहते थे। अंग्रेजों ने कुटिलता पूर्वक अधिक लाभ लेने के लिए वनों का नियोजित दोहन किया। सन 1866 में बनाए गए उप जमींदारियों में सांकरा को उप जमींदारी का दर्जा प्राप्त था, जिसके अधिकार में 17 गांव आते थे। उस समय इस जमींदारी के प्रमुख



जगन्नाथ दीवान थे। जगन्नाथ दीवान को 5 वर्षों के लिए भूमिहारी कर दिया गया था, जिसमें वह शर्त रखा गया था कि 5 वर्षों में यहां के जंगल को पूरी तरह साफ करना होगा। सांकरा में पूर्व से ही बाजार लगता था, जो सरायपाली बाजार के समकालीन था। शिक्षा के क्षेत्र में यहां पूर्व में उड़िया शिक्षण की व्यवस्था थी। सन 1905 के पश्चात से सी पी एंड बरार राज्य में विलय के साथ ही यहां उड़िया शिक्षण के स्थान पर हिन्दी शिक्षण की व्यवस्था प्रारंभ हुई। यहां पूर्व में गोंड दीवान का स्वामित्व था।

भित्ति चित्र
सतीश उपाध्याय

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रजवार भित्ति चित्र की



छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़, चिरमिरी और भरतपुर के ग्रामों में रजवार भित्ति चित्र देखने को मिलते हैं। गर्मी के बाद बरसात और दिवाली के समय यह क्रम ऐसा चलता है जिसमें भित्ति चित्र बनाए जाते हैं। इस कलाकृति में दक्ष सोना बाई रजवार ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। यहां यह चित्र कला रजवार भित्ति चित्र के नाम से जानी जाती है। देश विदेश में इस भित्ति चित्र की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है। जिसमें करमा माता की पूजा, करमा नृत्य, राहगीर, बैलगाड़ी, मछली पकड़ने का दृश्य , गोधूलि बेला और श्रृंगार की हुई ग्रामीण युवतियों के चित्रों को मूल विषय बनाया जाता है। इस भित्ति चित्र पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा चुका है। रजवार भित्ति चित्रों की परंपरा को उदयपुर के सृजन कर्मी आत्मा दास मानिकपुरी ने आगे बढ़ाया। इस संस्कृति में रुचि रखने वाले विद्वानों ने इस कला के केनवास को अलग दृष्टि से देखा है , पर समूचे आदिवासी कला संस्कृति को जीवंतता का आधार, सुख सौभाग्य और लोक मंगल कामना ही है।

## लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक साहित्य
डा. मंजू शर्मा

# छत्तीसगढ़ी काव्य में प्रगतिवाद

**हिन्दी साहित्य में 1935 से कविता के विषय में परिवर्तन होने लगा, जिसका प्रभाव देश के विभिन्न बोलियों पर भी पड़ा। छत्तीसगढ़ी भाषा में किसानों की दुर्दशा, मजदूरों के शोषण, अर्थ विभाजन के साथ कविता में प्रगतिशीलता के अंकुर फूटे। कविता जन सामान्य की परिस्थितियों को उजागर करने लगी।**

छत्तीसगढ़ी में प्रगतिवाद मार्क्स प्रभावित न होकर शोषण और आर्थिक विषमता के उत्पन्न आक्रोश है। रंजनलाल पाठक की कविता में शोषित वर्ग की वेदना व्यक्त हुई है। अन्न उपजाने वाला कृषक दाने दाने को मोहताज है। अर्थ की विषमता ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है कि नित्य एक एकादशी व्रत है, किन्तु दिवाली का उत्साह कभी नहीं है। अपने आंसू रूपी तेल में फटे चिथड़े की वर्तिका लगा कर वह जीवन दीपक जलाता है, परिस्थितियों की विषमता ने उस पर इतने आघात किए हैं कि उसके जीवन में मात्र आंसू ही शेष हैं -

*मोर दिवारी के दीया*
*तय टिम टिम टिम बर जा*
*कानी बुची एक ठन दीया*
*दया पहर के पाथेव*
*पटकु ल मय चीर के*
*बाती ओखर बनातेव।*



कपिलनाथ कश्यप ने अपनी कविता में ग्वालों द्वारा दूसरों को दूध दही देकर स्वतः छाछ पान करने की असमानता को दूर किया है, इसलिए श्रीकृष्ण कथा महाकाव्य में दूध के ब्रज से मथुरा जाने पर रोक लगा दी गई है-

*मथुरा नगरी जान देवय*
*अब गोकुल के दूध दही।*
*बिन पेट भर खाए तुमन*
*जाना पावा बात सही।*
*अब के बेचा मथुरा जाके*
*चोरी चोरी दूध दही।*
*मर मर के जो गाय चरावय*
*पावय पीए छाछ मही।*

हिन्दी की प्रवृत्तियों का प्रभाव छत्तीसगढ़ी में मिलना सहज है, परंतु चल चित्र के विषाक्त वातावरण में छत्तीसगढ़ी गीत प्रभावित हो रहे हैं। आकाशवाणी में शिष्ट नाटकों में यहां तक कि लोक साहित्य में भी चलचित्र का प्रभाव पड़ा।

हरि ठाकुर, लक्ष्मण मस्तूरिया, राजेंद्र प्रसाद तिवारी,भगत सिंह सोनी और अखेचंद क्लांत जैसे अनेक साहित्यकारों ने अपनी प्रयोगवादी रचना का सृजन किया है।

## जैकेट के शेष

### जिन निगम- मंडलों .....

के अध्यक्ष का पेंच तो कुछ ही दिन पहले सुलझा और अब उनके अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का 22 मई पदभार ग्रहण भी हो रहा है, लेकिन बाकी पांच का पेंच फंसा हुआ है।

**तीन विभाग केंद्र में मर्ज** : जिन निगम, मंडल आयोग में पेंच फंसा हुआ था, उनमें से छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ को नेशनल डेयरी बोर्ड में मर्ज कर दिया गया है। इसी तरह से समाज कल्याण बोर्ड को भी केंद्र सरकार में मर्ज कर दिया गया है। इसके अलावा वित्त विभाग भी केंद्र सरकार में मर्ज है। इनमें राज्य से नियुक्ति नहीं हो सकती, लेकिन पहले नियुक्ति कर दी गई थी, अब इसको सुधार लिया गया है।

### आबकारी घोटाले में ....

डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल, विश्वास गुप्ता बिल्डर, बंसी अग्रवाल नेहरू नगर, आशीष गुप्ता डायरेक्टर आशीष इंटरनेशनल होटल सुपेला को शामिल बताया गया है। एसीबी के प्रेस नोट में इन नामों का खुलासा नहीं किया गया है।

एसीबी सूत्रों के मुताबिक शक के दायरे में आए इन उद्योगपतियों के 39 ठिकानों पर छापा मारा गया। एक टीम हाउसिंग बोर्ड स्थित आम्रपाली अपार्टमेंट में अशोक अग्रवाल के घर पहुंची। दूसरी टीम ने नेहरू नगर में बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल के यहां दबिश दी। वहीं खुर्सीपार में विनय अग्रवाल के यहां दस्तावेजों की जांच की गई। इसके अलावा इन संदेहियों के रिश्तेदारों के धमतरी और महासमुंद के घर पर भी जांच की गई।

### आबकारी 'घोटाले' के ....

की। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी घोटाले की जांच के तहत पिछले साल अक्टूबर में चौबे और सिंह से जुड़े परिसरों पर छापे मारे थे।

### वैश्विक नेताओं को ....

आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर की गई थी, न कि सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिकों के खिलाफ। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक आबादी पर हमला करने के प्रयासों के बाद ही भारत ने जवाबी कार्रवाई की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद संबंधित चीजों की जानकारी दी।

### हद पार कर गई ....

बांड समाप्त कर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है। वहीं जिला प्रशासन के निर्देश पर मृतकों के परिजन को तत्काल मुआवजा राशि भी प्रदान की गई। बता दें कि लुंड्रा के रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी चचेरे भाइयों 5 वर्षीय जुगनू आ. शिवा गिरी और 4 वर्षीय सूरज गिरी आ. विनोद गिरी की 18 मई की दोपहर गांव के डबरी में डूबने से मौत हो गई थी। बच्चों की मौत के बाद बच्चों को परिजन लेकर पीएचसी रघुनाथपुर पहुंचे थे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया था लेकिन इस मामले में संवेदनशीलता का परिचय देने के बदले चिकित्सक व अधिकारियों ने जमकर अमानवीयता दिखाई। बच्चों का पीएम करने के लिए चिकित्सक ने 10-10 हजार रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर पीएम करने में अनावश्यक देरी की गई। वहीं पीएम के बाद बच्चों के शव को घर तक ले जाने के लिए शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। बच्चों के पिता मोपेड और बाइक से शव लेकर गए। इस मामले को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर कलेक्टर, सीएमएचओ के साथ ही आला अधिकारी गाम सिलसिला पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजन से मिलकर घटनाक्रम की जानकारी ली इसके साथ ही बच्चों के परिजन को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही कलेक्टर ने पीएचसी रघुनाथपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने मृतक के परिजन को तत्काल 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए जिसके बाद शाम तक मृतक के परिजन को 4-4 लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान कर दिया गया है।

### बीएमओ और चिकित्सक ....

कलेक्टर के सामने भी मृतकों के परिजन ने आरोप लगाया कि रघुनाथपुर पीएचसी में तैनात चिकित्सक ने पोस्टमार्टम के लिए प्रति शव 10-10 हजार रुपये की मांग की। पैसे नहीं देने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। सोमवार को जब ग्रामीणों ने दबाव बनाया और शिकायत की, तब जाकर पोस्टमार्टम किया गया। वहीं उन्हें पीएम के बाद शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। इस मामले में लापरवाही और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं रखने वाले बीएमओ धौरपुर डॉ. राघवेंद्र चौबे को कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है इसके साथ ही पीएम के लिए पैसे मांगने वाले चिकित्सक को दोषी मानते हुए अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन जायसवाल को कार्यमुक्त कर दिया गया है।

### बारिश से पहले ...

जब्त किए गए हैं। इन मामलों में ढाई लाख के करीब पेनाल्टी भी वसूली गई है। उपसंचालक दिनेश मिश्रा के मुताबिक कार्रवाई जारी है। अवैध खनन की सूचना आम लोग भी विभाग को दे सकते हैं। टीम पहुंचकर कार्रवाई जरूर करेगी। राजस्व और खनिज विभाग की टीम साथ मिलकर कार्रवाई कर रही है। साथ में पुलिस की भी मदद ली जा रही है।

### फर्जी कॉलेज से ....

पर होगा। आयोग ने परामर्श में कहा, एनएमसी ने देश में बिना किसी जरूरी मंजूरी के संचालित होने वाले अनधिकृत मेडिकल कॉलेजों के कुछ उदाहरण देखे हैं। ये संस्थान मान्यता का दावा करके छात्रों और अभिभावकों को गुमराह कर रहे हैं और कानूनी रूप से स्वीकृत नहीं होने वाले मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश दे रहे हैं। किसी संस्थान की वैधता की पुष्टि के लिए एक जांच सूची जारी करते हुए एनएमसी ने एमबीबीएस में प्रवेश चाह रहे अभ्यर्थियों से कहा कि वे मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों की सूची देखने के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं तथा सत्यापन के लिए सीधे उससे संपर्क करें।

**दो संस्थानों पर की जा रही कार्रवाई** : राजस्थान में सिंघानिया यूनिवर्सिटी कथित तौर पर एनएमसी की मान्यता के बिना एमबीबीएस कोर्स चलाने के लिए कानूनी कार्यवाही की सामना कर रहा है। साथ ही पश्चिम के हावड़ा में संजीवन अस्पताल और मेडिकल कॉलेज भी बिना अनुमति के मेडिकल कोर्स चलाता पाया गया। संस्थान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

### क्या दी गई सलाह?....

उल्लघंन करने का काम कर रहे हैं। आयोग नियमित आधार पर लिस्ट को अपडेट करना सुनिश्चित करता है।

### क्या है नियम?....

शेड्यूल-I में लिस्टेड सब्जेक्ट की पढ़ाई जरूर करनी चाहिए। 00 अभ्यर्थी को संबंधित व्यासायिक विनियामक निकाय के साथ रजिस्टर्ड नहीं होना चाहिए, या उस देश में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस प्राप्त करने योग्य होना चाहिए, जहां उसने डिग्री हासिल की है, जो देश के नागरिकों को दिए गए लाइसेंस के बराबर हो।

### जल्द दुनिया के ....

के दृढ़ संकल्प से अवगत कराया। उक्त प्रतिनिधिमंडलों में से एक में अंतिम समय में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का नाम शामिल किया गया, वह भी बैठक में शामिल हुए। टीएमसी ने हालांकि केंद्र सरकार पर एकतरफा ढंग से पार्टी नेता और सांसद यूसुफ पठान के नाम के चयन करने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। बताते चलें कि जिन देशों में यह प्रतिनिधिमंडल जाएंगे। वहां होने वाली बैठकों और संवाद प्रक्रिया में भारतीय दूतावास के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल देश के सांसदों, सरकारी-गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और मीडिया से भी मुलाकात कर सकते हैं। जल्द ही बाकी बचे 4 प्रतिनिधिमंडलों (शशि थरूर, बैजयंत पांडा, रविशंकर प्रसाद और सुप्रिया सुले की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल) को भी सरकार की तरफ से जानकारी दी जाएगी।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे
### ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक** : 03-Tender-EI-CON-SECR-BSP-2025, तारीख- 13.05.2025.

**कार्य का नाम** : द. पू. म. रेल्वे बिलासपुर मण्डल के अन्तर्गत शहडोल-सिंहपुर रेलवे स्टेशनों के बीच चौथी लाइन से संबंधित शहडोल से सिंहपुर के बीच (लगभग 9 टीकेएम) 2x25 केवी, 50 हर्ट्ज एसी, सिंगल फेज ऊपरी उपस्कर उपकरण द्वारा विद्युतीकरण का शेष कार्य एवं यार्ड में संशोधन का कार्य।

**निविदा मुल्य** : रु. 4,89,61,230.95 (चार करोड़ नवासी लाख इकसठ हजार दो सौ तीश दशमलव नौ पांच) मात्र। **बयाना राशि** : रु.3,94,800/- (तीन लाख चौरानबे हज़ार आठ सौ) मात्र। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक** : । 04.06.2025 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक** : 04.06.2025 को 15:45 बजे। **कार्य पूर्णता की अवधि** : स्वीकृति का पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) माह।, **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान** : उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी / ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई- निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर / देख सकते है।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/मुख्या.
सीपीआर/10/AM/62 द.पू.म.रेल्वे, बिलासपुर(छ.ग)
South East Central Railway @secrail



## गुमशुदा



नाम रूपेश श्रीवास (बंटी) उम्र 34 वर्ष, पिता श्री बबला श्रीवास, रायपुर से बिना बताये कही चला गया है, अगर किसी व्यक्ति को मिले या दिखे तो इस नंबर पर **सूचित करें - 7999725491**
**बताने या घर पहुंचाने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।**



पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचल कार्यालय, नयापुरा, कोलार रोड, भोपाल, पिन- 462042
ईमेल- zo.bhopal@psb.co.in

**अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों के पैनल में शामिल होने के लिए सूचना**

पंजाब और सिंध बैंक भोपाल क्षेत्र में अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों के पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। सभी विवरणों और अनुलग्नकों के लिए, कृपया पीएसबी की आधिकारिक वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in पर विविध अनुभाग के अंतर्गत 'अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों का पैनल' देखें। अधिवक्ता/कानूनी फर्म अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में अनुलग्नक बी, सी और डी में अनुलग्नक II में उल्लिखित प्रासंगिक संलग्नक, दस्तावेजों आदि के साथ 31.05.2025 तक क्षेत्रीय कार्यालय - भोपाल में जमा कर सकते हैं।

बैंक किसी भी स्तर पर बिना किसी सूचना के पैनल में शामिल होने की किसी भी शर्त को संशोधित/संशोधित करने और विज्ञापन वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

स्थानः भोपाल — महाप्रबंधक
दिनांकः 20.05.2025 — (कानून एवं वसूली विभाग)



## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
### -: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक / ज.प्र.वि./2025-26/07 — दुर्ग, दिनांक- 20/05/25

नगर पालिक निगम, दुर्ग एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नांकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र "अ" पी.एच.ई एस.ओ.आर 01/06/2020 प्रभावशील के अनुसार दर पर स्पीड पोष्ट/रजिस्टर्ड पोष्ट के माध्यम से मुहर बंद तीन लिफाफा पद्धति में है। निविदा खोलने के समय निविदाकार या उनके प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है। निविदा कार्य हेतु निविदाकार के द्वारा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर ही परीक्षण उपरांत ही निविदा प्रपत्र जारी की जावेगी। आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की कापी, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पेनकार्ड की कापी विगत वर्ष 2025-26 का ITR (इन्कम टैक्स रिटर्न) की प्रति, संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बावत शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26/05/25
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 02/06/25
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 09/06/25
निविदा खोलने की तिथि - 10/06/25 शाम 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रुपये लाख में |
|---|---|---|
| 1. | हर्षिल रॉयल रेसी. वेलफेयर को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित सड़क नं. 03 वार्ड नं. 59 कातुलबोर्ड दुर्ग को पेयजल पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य। | रु. 9,23,362/- |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.egstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइड www.municipal corporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता


## पेज एक के शेष

### आयुष्मान का पैकेज...

खर्च से लगभग पचास फीसदी कम है। डाक्टरों का तर्क है कि पुराने पैकेज में अस्पताल चलाना मुश्किल है, इसलिए कई बार गड़बड़ी की शिकायत आती रहती है। पुराने पैकेज को रीव्यू कर वर्तमान खर्च का आकलन कर इसमें संशोधन की आवश्यकता है। चिकित्सकों के विभिन्न संगठन कई बार आयुष्मान योजना के पैकेज में संशोधन की मांग कर चुके हैं। उनका तर्क कि अभी भी इस योजना में विभिन्न बीमारियों के इलाज का खर्च वर्ष 2017-18 के आधार पर तय है। बीते सात सालों में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। मेडिकल उपकरणों से लेकर अन्य चीजों के दाम बढ़ चुके हैं। ऐसे में सात साल पुरानी दर पर इलाज करना कैसे संभव हो सकता है। अनुबंध के मुताबिक आयुष्मान के पैकेज का रीव्यू एक निर्धारित अवधि पर किया जाना चाहिए, मगर इस नियम का पालन नहीं हो पा रहा है। कई बीमारियों के पैकेज तो इतने कम हैं कि इससे मरीज की दवाइयां पूरी नहीं आ पातीं, ऐसे में अस्पताल इलाज से इनकार करता है और मरीजों को निराश होना पड़ता है। चिकित्सकों का तर्क है, कम पैकेज की वजह से कई बार अस्पतालों में अतिरिक्त राशि लिये जाने के मामले भी सामने आते हैं। इन सब परेशानियों को दूर करने का एकमात्र तरीका आयुष्मान के पैकेज का निर्धारण वर्तमान स्थिति को देखकर किये जाने की जरूरत है।

### बीजू कार्ड का...

सिस्टम बनाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य योजना के पैकेज में संशोधन की बेहद जरूरत है, इसके लिए राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ सरकारी और निजी चिकित्सको की टीम बनाकर काम पूरा किया जा सकता है। साथ ही अस्पतालों को भुगतान की प्रक्रिया को भी नियमित किए जाने की जरूरत है। इसकी अनियमितता के कारण छोटे और मझोले अस्पतालों को अक्सर आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### इस तरह का...

| | | |
|---|---|---|
| हार्निया | 22 हजार | 70 हजार |
| बर्न सर्जरी | 65 हजार | 1 लाख |
| टेढ़ा पैर सीधा करा | 3 हजार | 50 हजार |
| पैरों का फ्रेक्चर | 16 हजार | 40 हजार |
| बच्चों के मलद्वार की सर्जरी | 20 हजार | 60 हजार |

### मानसून के केरल...

मॉनसून के मौसम में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान जताया था। इसमें 'अल नीनो' की स्थिति की संभावना को खारिज कर दिया गया था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से जुड़ी है।

### न्यायिक सेवा परीक्षा...

न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम तीन साल की वकालत अनिवार्य है। यह फैसला अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा दायर याचिका पर आया।

### न्यायिक सेवाः अब...

10 साल प्रैक्टिस का अनुभव हो और संबंधित स्थान के न्यायिक अधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रमाणपत्र बतौर साक्ष्य पेश कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा हो, तो 10 साल की न्यूनतम प्रैक्टिस वाले अधिवक्ता द्वारा दिया गया प्रमाणपत्र, जो न्यायालय द्वारा नामित अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, प्रमाण के रूप में कार्य करेगा।

### मुख्य सूचना आयुक्त...

प्रक्रिया के तहत राज्य सूचना आयुक्त पद पर नियुक्ति के लिए 28 मई को इंटरव्यू होना है। ये दोनों प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग में मुख्य एवं राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति हो जाएगी। राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त का पद लंबे समय से खाली है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस एमके राउत 2022 में आयोग से विदा हो गए थे। इसी तरह आयोग में आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल भी नवंबर 2022 में ही सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से दोनों पद खाली है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दोनों पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया था, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई थी। अब मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू हो चुका है, जबकि राज्य सूचना आयुक्त के लिए 28 को इंटरव्यू होना है।

### नौसेना के जंगी...

बन गया है। बल्कि बुधवार 21 मई को इसे नौसेना के कारवार बेस पर आयोजित किए जाने वाले एक भव्य समारोह में नामकरण के साथ बल के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। नौसेना ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी।


## कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in

क्रमांक /448 / न.पं. / लो.नि.वि. / 2025-26 — मगरलोड, दिनांक 20/05/2025

### ई - निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगर पंचायत मगरलोड - भैंसमुण्डी द्वारा ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख रू. में) | अमानत राशि (रूपये में) | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | 168791 | वार्ड क्र. 10 में OHT के पास सम्पवेल निर्माण कार्य | 28.33 | 21500/- | "A" | 1500/- | 19.06.2025 | 24.06.2025 |
| 2 | 168793 | वार्ड क्र. 09 में OHT के पास सम्पवेल निर्माण कार्य | 22.38 | 16800/- | "A" | 750/- | 19.06.2025 | 24.06.2025 |
| 3 | 168788 | वार्षिक जोनल कार्य (निकाय / मरम्मत / अध्यक्ष / पार्षद एवं अन्य निधि) वर्ष 2025-26 | 30.00 | 22500/- | "A" | 1500/- | 19.06.2025 | 24.06.2025 |

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, https://www.uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड - भैंसमुण्डी
जिला - धमतरी (छ.ग.)



**State Bank of India**
ACB PAKHANJORE 03271
Pakhanjore(Chhattisgarh)
Email- sbi.03271@sbi.co.in

Letter no. PKJ/NPA/2025-26/11 — Date 20/05/2025

(See Rule8(1))

## POSSESSION NOTICE
(For Immovable Property)

Whereas The Undersigned being the authorized officer of the State Bank of India under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002(Act 54 of 2002) and in exercise of the powers conferred under Section 13(12) read with rule 8 of the Security Interest(Enforcement) Rules 2002 issued demand dated 14.05.2025 calling upon:

**Borrower/Guarantor:**
**MR KRISHNA BARAI S/O MR MUKUND BARAI & Guarantor - Mr Damruram Patra S/O Mr Pamsnga Patra BARAI,** to repay the amount mentioned in the notice bearing Rs 986441.40 (Rs Nine Lakhs Eighty Six Thousand Four Hundred Forty One and Forty paise only + Interest + Charges) within 60 days from the date of receipt of the said notice. (Present Balance is 986441.40 (Rs Nine Lakhs Eighty Six Thousand Four Hundred Forty One and Forty paise only + Interest + Charges there on).

The Borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and public in general that the undersigned has taken symbolic possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under section 13(4) of the said Act read with rule of 8 of the said rule on this date 14/05/2025.

The Borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing with the property will be subjected to the charge of the State Bank of India for an amount of Rs s 986441.40(Rs Nine Lakhs Eighty Six Thousand Four Hundred Forty One and Forty paise only + Interest + Charges there on)

DESCRIPTION OF IMMOVABLE PROPERTY

Land and building - Khasra Number-165/1 Diverted Land Area 0.11 Hectare Patwari Circle No 22(Maroda) RIC Bande Tehsil Pakhanjore Dist Kanker (CG) 494776

North Main Road — South: Land of Khasra No 181/1
East: Land of Khasra No 165/1 — West: Land of Khasra No 166/1

**Authorised Officer**
State Bank of India
ACB Pakhanjore(3271)
Date 20.05.2025



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## वि./ यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 06.06.2025, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 168521 नि.सू.क्र. 01/वलेलि./2025-26 दिनांकः 16.05.2025 | रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग की राजीव समोदा निसदा डायवर्सन के कंट्रोल पैनल व विद्युतीकरण कार्य। | रू. 295.55 लाख |
| सि.नि.क्र. 168532 नि.सू.क्र. 02/वलेलि./2025-26 दिनांकः 16.05.2025 | रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग की राजीव समोदा निसदा डायवर्सन के कंट्रोल रूम, जलद्वारों का पेंटिंग व सुधार / मरम्मत कार्य। | रू.465.92 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.05.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** 1. निविदा में भाग लेन हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-252600968/6



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 101/168210 | ROAD FURNITURE & ROAD MARKING WORK AT VARIOUS ROAD, UNDER DIVISION NO.-2, SIRPUR BHAVAN PARISAR, RAIPUR (C.G.) (प्रथम आंमत्रण) | रू.50.00 लाख |
| 11/168428 | Ordinary Maintanance & Painting Figuring work on Various Road & Culvert under Engineering College Sub Division Nava Raipur (i/c BT work) (द्वितीय आंमत्रण) | रू.30.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.101 सिस्टम टेन्डर नं. 168210 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 11 सिस्टम टेन्डर नं. 168428 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.05.2025 समय सायं 5:30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर
मंडल क्रं. - 1, रायपुर (छ.ग.)

G-252600975/2



## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
## PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 12/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No 168759 | PROPOSED LINE SHIFTING, HEIGHT RAISING AND SHIFTING OF LT LINE, 11 KV LINE, TRANSFORMER AND 33 LINE FROM ROAD WIDENING AREA AT MAHASAMUND TO TUMGOAN ROAD BLOCK MAHASAMUND Distt.-MAHASAMUND. (C.G.) | Rs 104.02 Lacs |
| 13/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No 168760 | PROPOSED LINE SHIFTING, HEIGHT RAISING AND SHIFTING OF LT LINE, 11 KV LINE, TRANSFORMER AND 33 LINE FROM ROAD WIDENING AREA AT BARONDA CHOUK TO COLLECTOR COLONY ROAD BLOCK MAHASAMUND Distt.-MAHASAMUND. (C.G.) | Rs 155.32 Lacs |

**Date of bid submission will be 06-06-2025**

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M -Circle**
**Raipur (C.G.)**

G-252600991/3



## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5873



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5872 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5883

★★★★☆ कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5882 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# कोडार जलाशय में छह सालों में सबसे कम मात्र साढ़े 5 फीट ही पानी शेष

## 47 गांवों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने के बाद कोडार क्षीणकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोडार बांध के आरबीसी एवं एलबीसी नहर से 34 दिनों में लगभग 47 गांवों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने के बाद अब बांध में मात्र साढ़े पांच फीट (20 मई की स्थिति में) ही पानी बचा है, जो पिछले छह सालों में सबसे कम स्तर पर है। इससे पहले वर्ष 2022 में 5.70 फीट और 2024 में 7.30 फीट पानी शेष था।

बता दें कि पिछले दो सालों से बरसात में अच्छी बारिश न होने से कोडार बांध भी भर नहीं पाया है। इधर, गर्मी के कारण भी जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। गांवों में निस्तारी की समस्या से निजात दिलाने 1 अप्रैल से 4 म ई तक कोडार बांध के आरबीसी नहर से 18 गांव एलबीसी नहर से 29 गांवों को पानी दिया गया। जानकारी के अनुसार निस्तारी के लिए पानी देने से पूर्व कोडार में 10.80 फीट पानी था। 34 दिनों बारी-बारी से दोनों नहरों से पानी देने के बाद 5.70 फीट पानी बचा था। इधर, इन 16 दिनों में जल स्तर घटकर 5.50 फीट (कुल क्षमता का 7.5 प्रतिशत) हो गया है, जो पिछले छह सालों में सबसे कम है। तालाबों को पानी देने के बाद कोडार बांध के गेट को बंद कर दिया गया है। 2024 के मानसून सीजन में अच्छी बारिश न होने से कोडार बांध नहीं भर पाया था। इस कारण इस वर्ष रबी फसल के लिए भी किसानों को पानी नहीं दिया गया। केवल निस्तारी के लिए पानी दिया गया। कोडार बांध मानसून पर निर्भर है। मानसून अच्छा होने पर बांध में जलस्तर अच्छा होता है और बारिश न होने पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता है।

### कोडार बांध की वर्तमान स्थिति ( 20 मई )

| वर्ष | शेष बचा पानी ( फीट में ) |
|---|---|
| 2025 | 5 .50 |
| 2024 | 7 .30 |
| 2023 | 5 .70 |
| 2022 | 12 .50 |

### कोड़ार बांध को भरने की योजना

कोडार बांध को सिकासेर बांध के पानी से भरने की योजना है, लेकिन अब तक यह योजना धरातल पर नहीं उतरी है। बागबाहरा, खल्लारी आदि क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता ज्यादा होती है। सिकासेर बांध से नहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना उद्देश्य है।



### 2020 में भरा था सबसे ज्यादा पानी

कोरोनाकाल के दौरान ही कोडार बांध में सबसे ज्यादा पानी भरा था। 2020-21 में मानसून सीजन में 31 फीट पानी भरा था। इसके बाद 2014-15 में कोडार बांध फुल हुआ था। 2013-14 और 2012-13 में भी बांध भर गया था। सबसे ज्यादा अब तक 2011-12 में 33 फीट पानी भरा था।

## सफलता : पांचों नक्सलियों को कांकेर जिले के बिनागुंडा गांव से किया गिरफ्तार

# सीआरपीएफ एवं गढ़चिरौली पुलिस ने 36 लाख के ईनामी पांच नक्सलियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीआरपीएफ और गढ़चिरौली पुलिस गश्त करते हुए महाराष्ट्र और कांकेर जिले के बार्डर बिनागुंडा जंगल क्षेत्र में गश्त करने निकले थे और मुखबिर की सूचना पर पाँच नक्सलियों को हिरासत में लेने में कामयाब हुए, इसमें तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं दो को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

- नक्सलियों से हथियार व अन्य सामाग्री की जब्त
- पांचों नक्सली महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के नक्सली दलम में थे सक्रिय

जानकारी के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर 50 से 60 माओवादी पुलिस कर्मियों पर हमला करने और घात लगाने के इरादे से भामरागढ़ उपविभाग के अंतर्गत उपपोस्ट बिनगुंडा में एकत्र हुए हैं। इसी सूचना पर महाराष्ट्र की स्पेशल एक्सन फोर्स सी-60 की 08 टीमें और ए कंपनी 37 बटालियन 18 मई को सीआरपीएफ की एक टीम उक्त वन क्षेत्र में भेजी गई। सी-60 टीम 19 मई को बिनगुंडा गांव की घेराबंदी की और गांव की तलाशी अभियान शुरू किया गया, तभी देखा गया कि हरे और काले रंग की वर्दी पहने कुछ संदिग्ध और हथियारों के साथ सादे कपड़ों में कुछ लोग पुलिस टीम पर घात लगाने की योजना बना रहे थे। गांव में नागरिक मौजूद थे, इसलिए पुलिस दल ने गोलीबारी नहीं की और अंततः पांच माओवादियों को उनके हथियारों के साथ पकड़ लिया। इस दौरान अन्य माओवादी गांव और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

हिरासत में लिए गए माओवादियों को आगे की पूछताछ के लिए गढ़चिरौली स्थित पुलिस मुख्यालय लाया गया और पूछताछ किया गया। पूछताछ के उपरांत 20 मई को तीन माओवादी 28 वर्षीय उंगी मंगरू होयम उर्फ सुमाली (डीवीसीएम, प्लाटून नंबर 32), निवासी तालका, भैरमगढ़, जिला बीजापुर, 19 वर्षीय पल्लवी केसा मीडियम उर्फ चंडी (पीपीसीएम, प्लाटून नं. 32) निवासी। कोचल, आवापल्ली जिला बीजापुर, 19 वर्षीय देवे कोसा पोडियाम उर्फ सबिता (सदस्य, प्लाटून नं. 32) मारोत बाका पंचायत अवपल्ली, जिला बीजापुर को गिरफ्तार किया, वहीं दो अन्य कट्टमर माओवादी सदस्य को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए माओवादी विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।





### माओवादियों के पास से 7 हथियार जब्त

माओवादियों के पास से एक स्वचालित एसएलआर राइफल, एक 303 राइफल, तीन एसएसआर राइफल, दो भरमार सहित कुल 07 हथियार जप्त करने में सफलता मिली है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार की तरफ से उन्गी मंगरू होयम उर्फ सुमाली पर 16 लाख, पल्लवी केसा मीडियम उर्फ बूंढी पर 8 लाख, देवे कोसा पोडियाम उर्फ सबिता पर 4 लाख, दो माओवादी सदस्यों पर कुल 8 लाख का इनाम घोषित घोषित था।

## नारागांव में घुसा भालू लोगों में दहशत

बालोद। गुरुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारागांव के रिहायसी क्षेत्र मे एक भालू के दिखाई दिया है। बताया जा रहा है कि यह भालू भोजन और पानी की तलाश में जंगल से भटककर गांव की गलियों में पहुंच गया। पिछले कई हफ्तो से ग्राम के आस पास भ्रमण कर रहा यह भालू बीती रात ग्राम मे लगे एक सीसीटीवी मे कैद हुआ।

रोज की तरह बीती रात भी यह भालू गांव की गलियों में घूमता नजर आया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि भालू देर रात गांव के बीचोबीच सड़क पर बेधड़क घूम रहा है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
E-mail:commissioner-rgh.cg@cg.gov.in,
corporationraigarh@gmail.com Phone No :- 07762-222911

क्रमांक 729/ स्वा. वि./ न.पा.नि./ 2025 रायगढ़, दिनांक 20/05/25

**रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शहर के आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण कार्य किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पशु चिकित्सा कार्य एवं संरक्षण गतिविधियों हेतु पंजीकृत एन.जी.ओ. (गैर सरकारी संगठनों) से मुहर बंद लिफाफा में रूचि की अभिव्यक्ति, दिनांक 09-06-25 के 4:00 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। प्राप्त प्रस्ताव लिफाफा दिनांक 09.06.25 को 4:30 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोला जायेगा। प्रस्तुत प्रस्ताव के साथ पृथक लिफाफा में रूपये 25000/- का टी.डी.आर. एवं वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

इससे संबंधित अन्य शर्ते कार्यालयीन अवधी में नगर पालिक निगम रायगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में अवलोकन अथवा निगम के वेब साईट http/nagarnigamraigarh.com से डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324,
website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/Ceno./W/180 Raipur, date:14.05.2025

**E-AUCTION NOTICE**

CSPGCL is conducting e-auction through MSTC for the following work :-

| S. No. | Tender Spcn. No. | Name of work | Start Price | Pre-Bid EMD | PQR Detail & Pre-bid EMD to be submitted by | Auction Date | Auction No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/2025/14 | Collection of Cenosphere from ash dyke Dindolbhata of 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West | Rs.31,00,000/- | Rs.1,24,000/- | 09.06.2025 | 19.06.2025 | MSTC/RPR/ CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY-CIVIL-GEN/3/ RAIPUR/25-26/ 7290 |

The details for the auction can be viewed from MSTC Portal –https:\\www.mstcecommerce.com. The bidder shall have to register in MSTC system. Contact details – 0771-2432481, Mobile – 9127754867.For any other details contact – 0771-2576320, 0771-2576324.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Civil) AU&PC,
CSPGCL, Raipur

# सुलझी सात साल पुराने नरकंकाल की गुत्थी, सौतेला पिता निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

ग्राम भोयना में करीब 7 साल पुराने नरकंकाल मिलने की गुत्थी को सुलझाते हुए मृतक के सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। छोटे से घरेलू झगड़े के चलते पिता ने अपने सौतेले बेटे को मार डाला था। जेल जाने के डर से उसने सीमेंट पोल में उसकी लाश को बांधकर सेप्टिक टैंक में डाल दिया था।

पुलिस के लिए इस मामले को सुलझाना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पुलिस ने इस मामले को तीन दिन के भीतर सुलझा लिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मृतक के सौतेले पिता राममिलन गोड़ उम्र 62 साल पिता रामआसरे गोड़ से कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया और हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताया कि करीब 7 साल पहले क्वांर नवरात्रि में राममिलन अपने घर पर अकेला था। उसकी पत्नी माया ध्रुव, बेटी पायल ध्रुव एवं गायत्री ध्रुव तीनों पड़ोसी के घर में थे। रात्रि करीब 11 बजे राममिलन का सौतेला बेटा नंदू सोनी घर आया। दोनों के बीच खाना की बात को लेकर खूब झगड़ा हुआ। गुस्से से तमतमाए आरोपी राममिलन ने अपने सौतेले बेटे नंदू सोनी उम्र 23 वर्ष का गला पकड़कर उसके सिर को पत्थरों की दीवार में पटक दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। नंदू की मौत के बाद वह घबरा गया। जेल जाने से बचने के लिए रात में उसने लाश को ठिकाने लगाने की प्लानिंग की।




**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय**
**डिमरापाल, जगदलपुर**

क्रमांक / निविदा / क्रय /787 जगदलपुर, दिनांक : 16/05/2025

**निविदा सूचना**

शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) के लिए वर्ष 2025-26 में निर्माता कम्पनी तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से आर्थोपेडिक इम्प्लान्ट्स, अपलाईसेस, आर्थो प्रोस्थेसिस / डेंटल इम्प्लान्ट्स आदि सामग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर, रूपये 1000 / - ( एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 05/06/2025 के शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं ।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 05/06/2025 शाम 5 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 16/06/2025 दोपहर 2 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 16/06/2024 समय शाम 4 बजे

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय
जगदलपुर, डिमरापाल

G-252600976/3

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,**
इन्द्रावती भवन, ब्लाक- डी (भू-तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)
फोन नं -2263708, 2262558 Fax - 2262558, Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक/ऑ.ला.पो.मै.छा./215/2025-26/1742 :: सूचना प्रकाशन :: नवा रायपुर, दिनांक 19/05/2025

**वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर ) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :-

| आवेदन का प्रकार | विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि | स्वीकृति एवं डिसबर्स | | संभावित भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | शासकीय | अशासकीय | |
| नवीनीकरण | 31 मई 2025 तक | 07 जून 2025 तक | 10 जून 2025 तक | 10 जून 2025 |
| | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |
| नवीन | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 सितंबर 2025 तक | 07 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |

विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. **छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है**:- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम । 2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने **सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते** की प्रविष्टि आनलाइन आवेदन करते समय सुनिश्चित करें । 3. वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। 4. वर्ष 2025-26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख ( Hol) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है ।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित
जाति विकास, नवा रायपुर, छ.ग.

G-252601008/2

# तेंदूपत्ता संग्रहण : 211 फड़ों में 99 ही खुले, 112 में नहीं हो पाई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन पर काले बादल छाए हैं। संग्रहण कार्य चालू होने के बाद कोंटा क्षेत्र के अनेक फड़ों को बारिश पानी की मार लगी है। ज्ञात हो कि बारिश तेंदूपत्ता के लिए जहर के माफिक है जिससे पत्ते की क्वॉलिटी खराब हो जाती है। इस बीच विभिन्न समस्याओं के साथ शासकीय खरीदी की शुरुआत सुचारू रूप से संपन्न नहीं कराई जा सकी।

इसके पीछे के कारणों पर नजर डाले तो वन अमले के सामने कई चुनौतियां सामने आने की भी जानकारी मिली है। सबसे बड़ा कारण यहां बोनस घोटाला तथा 11 वनोपज समितियों को भंग कर दिए जाने का असर कोंटा क्षेत्र के कुछ समितियों में देखने को मिला। शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के बाद भी संग्रहण कार्य को बेहतर बनाया जा सकता था। कोंटा उप वनमंडल के अंतर्गत कुल 6 समितियां थी जिसमें बोनस वितरण के बंदरबांट की शिकायतों की जांच के चलते 5 समितियों को शासन द्वारा भंग कर दिया गया और प्रबंधकों की सेवा समाप्त कर दी गई। इन 6 समितियों से कुल 19500 मानक बोरा टॉरगेट निर्धारित किया गया था। जिसके लिए इस बार संग्रहण कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी । उप वनमंडल कोंटा के इन 6 समितियों के कुल 211 फड़ों में कुल 99 फड़ों में ही संग्रहण तेंदूपत्ता का किया गया।



### फड़ों को टॉरगेट कम देने पर संदेह

प्रशासनिक दृष्टि से प्रतिवर्ष उत्पादन होने वाले तेंदूपत्ता की जमीनी रिपोर्ट के अनुसार टॉरगेट कम देने को लेकर संग्राहक व क्षेत्र के युवा सवाल खड़े कर रहे हैं। ज्ञात हो कि वनोपज संग्रहण सीजन के फड़ वार टॉरगेट में कई गलतियां बताई जा रही है। जिन फड़ों में अच्छे क्वॉलिटी का पत्ता उत्पादन होता है, वहां भी कम ज्यादा टॉरगेट फिक्स किया गया है। अब तक इन 99 फड़ों के आंकडों अधिकारियों से नहीं मिल पाएं हैं। दूसरी ओर पड़ोसी राज्य ओडिशा के बिचौलियों द्वारा औने पौने दाम पर पत्ता खरीदकर पार करना जारी है। कुछ संग्राहक भी नकदी मिलने की एवज में पत्ता ओडिशा ले जाकर बेच रहें है।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.)**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नया पुराना ईमारती काष्ठ एवं नया जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक - 30-05-2025
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 9940 | 742.830 | 9846 | 173.982 |
| 2 | साल | 150.000 | 50 | 5444 | 522.247 | 576 | 16.814 |
| 3 | हल्दू | 0.000 | 0 | 3 | 0.399 | 0 | 0.000 |
| 4 | साजा | 0.000 | 0 | 67 | 7.296 | 41 | 1.039 |
| 5 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| | योग - | 150.000 | 50 | 15458 | 1273.109 | 10467 | 192.040 |
| | मिश्रित जलाऊ | 450 चट्टा नया | | 510 चट्टा पुराना | | | |
| | योग - | 450 चट्टा नया | | 510 चट्टा पुराना | | | |

टीप :-
1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E. M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है ।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G- 252601013/4

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**
**e-Procurement Tender Notice**

**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26**
**Letter No:- 318Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of AdhouraSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat-Kushdand, Block-Nagar Untari, District-Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,53,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025 ,Time -04.00PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 1806.2025, Time:-04.00PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-02 .06.2025,Time -4.00 PM<br>Last Date:- 18.06.202 5,Time :- 4 .00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.202 5,Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | ExecutiveEngineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh-cemr -jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:- Estimated Cost may Decrease or Increase
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 352992 Minor Irrigation (25-26)D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Garhwa

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, SERAIKELLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
Tender Reference No:- WRD/MID/SERAIKELLA/BD/SLI-02/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Work of Aruwan Solar Powered Lift Irrigation Scheme under Block Kuchai, Dist :- Seraikella-Kharsawan |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. **1,04,02,000.00** (Rupees One Crore Four Lakh Two Thousand ) only. |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. **10,000.00** (Ten Thousand) only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. **1,04,500.00** (Rupees One Lakh Four Thousand Five Hundred ) only. |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in**) | Date: 04.06.2025 Time 2:00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 11.06.2025 Time 3:00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date :- 04.06.2025 Time 2:00 PM<br>Last Date :- 11.06.2025 Time 3:00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: 12.06.2025 Time :- 4.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Seraikella |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 91427-81867 |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 91427-81867 |

**Note:-**
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 353071 (Water Resource) 25-26 (D)

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Seraikella

# अंबानी दंपति, प्रेमजी टाइम पत्रिका की शीर्ष दानदाताओं की सूची में शामिल

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टाइम पत्रिका ने मंगलवार को परमार्थ के क्षेत्र में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में जाने-माने उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी, रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक चेयरपर्सन नीता अंबानी, विप्रो के पूर्व चेयरमैन अजीम प्रेमजी और जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत को शामिल किया है।


पत्रिका ने मंगलवार को परमार्थ कार्यों में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की अपनी पहली सूची में इन लोगों को शामिल किया है। टाइम पत्रिका के अनुसार, परमार्थ कार्यों के क्षेत्र में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की 2025 की यह सूची बयां करती है कि कैसे ये लोग उन जरूरतमंदों को मदद कर रहे हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।'' इसमें मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए लिखा गया है कि दोनों ने लाखों भारतीयों को प्रभावित करने वाले कई कार्यक्रमों व सामाजिक पहल में बढ़-चढ़ कर दान दिया है। कुल मिलाकर अंबानी दंपति ने 2024 में 407 करोड़ रुपये (लगभग 4.8 करोड़ डॉलर) का दान दिया, जिससे वे देश-दुनिया के सबसे बड़े दानदाताओं में शामिल हो गए। प्रेमजी 'गिविंग प्लेज' यानी अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक रूप से दान देने की प्रतिबद्धता पर हस्ताक्षर करने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने 2013 में अपनी कंपनी विप्रो के 29 अरब डॉलर से अधिक के शेयर के साथ उस फाउंडेशन को दान कर दिया, जिसे उन्होंने लगभग 25 साल पहले शुरू किया था।

## 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की गई

### 'गिविंग प्लेज' कामत

इस सूची में जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत भी शामिल हैं, जो 2023 में 36 साल की उम्र में 'गिविंग प्लेज' पर हस्ताक्षर करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गये। टाइम पत्रिका ने कहा, उन्होंने पर्यावरण और शैक्षिक परियोजनाओं के लिए लाखों डॉलर दान कर दिये थे और अपनी खुद की पहल, 'यंग इंडिया फिलैंथ्रोपिक प्लेज' (वाईआईपीपी) शुरू की।





### सूची में बेकहम बफे व मेलिंडा भी शामिल

इसके अलावा, सूची में फुटबॉल खिलाड़ी डेविड बेकहम, माइकल ब्लूमबर्ग, ओप्रा विन्फ्रे, वारेन बफे, मेलिंडा गेट्स, प्रिंस विलियम और राजकुमारी कैथरीन, जैक मॉ जैसी हस्तियां शामिल हैं।


## खबर संक्षेप

### आईएचएच समूह ने दाइची सैंक्यो से मांगा हर्जाना

**नई दिल्ली।** मलेशिया की आईएचएच हेल्थकेयर ने जापान की दाइची सैंक्यो से 200 अरब येन (11,800 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। भारतीय अस्पताल संचालक फोर्टिस के नियंत्रण के लिए आईएचएच की बोली को रोकने का आरोप लगाते हुए यह हर्जाना मांगा गया है। आईएचएच की टोक्यो स्थित अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी नॉर्दर्न टीके वेंचर्स (एनटीके) ने दाइची सैंक्यो के खिलाफ जारी हर्जाने की मांग में संशोधन करने के लिए तोक्यो जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

### रुपया 21 पैसे टूटकर 85.63 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को 21 पैसे टूटकर 85.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल में हालिया उछाल राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों पर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है, जिससे कर्ज की लागत बढ़ रही है। विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी ने गिरावट को सीमित किया।



### फाइजर का लाभ 85 फीसदी बढ़कर 330.94 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** फाइजर लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 85 प्रतिशत बढ़कर 330.94 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का जनवरी-मार्च, 2024 में मुनाफा 178.86 करोड़ रुपये रहा था। फाइजर लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 591.91 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 546.63 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय भी सालाना आधार पर 377.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 383.5 करोड़ रुपये हो गया।




### धामपुर शुगर 10.81 लाख से अधिक शेयर खरीदेगी वापस

**नई दिल्ली।** धामपुर शुगर मिल्स ने मंगलवार को कहा कि वह 'टेंडर ऑफर' के जरिये करीब 20 करोड़ रुपये में 10.81 लाख शेयर वापस खरीदेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह 'टेंडर ऑफर' प्रक्रिया के जरिये आनुपातिक आधार पर 185 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 10,81,081 शेयर तक कंपनी के पूरी तरह से चुकता शेयर को वापस खरीदेगी। शेयर वापस खरीदने की रिकॉर्ड तिथि 23 मई है। कंपनी के निदेशक मंडल ने शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव को 16 मई को मंजूरी दे दी थी।

### मोबिक्विक का एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़




**नई दिल्ली।** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में घाटा 0.6 करोड़ रुपये रहा था। मोबिक्विक सिस्टम्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय मामूली वृद्धि के साथ 267.7 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का भुगतान जीएमवी (सकल व्यापारिक मूल्य) सालाना आधार पर 203 प्रतिशत बढ़कर 1,15,900 करोड़ रुपये हो गया।

## लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने का प्रयास

# फलों को पकाने सिंथेटिक रसायन का उपयोग रोके राज्य, फसाई की अपील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने लोगों के लिए सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत सभी राज्यों से फलों को पकाने वाले तत्वों (एजेंटों) और सिंथेटिक रसायन लेप (कोटिंग्स) के अवैध उपयोग को रोकने को कहा है।

- राज्यों से फलों पर कोटिंग्स का उपयोग रोकने कहा गया

नियामक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस बारे में अपनी जांच में तेजी लाने और गैर-अनुमति प्राप्त फलों को पकाने वाले एजेंटों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह किया है। साथ ही सिंथेटिक रंगों या गैर-अनुमति प्राप्त मोम के साथ फलों को रंगने और कोटिंग करने पर भी रोक लगाई है।''

**खास बातें**

- फसाई ने राज्यों से अपने यहां जांच में तेजी लाने कहा
- अवैध उपयोग को रोकने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आग्रह



### गोदामों व भंडारण केंद्रों का किया जा सकेगा निरीक्षण

*प्रवर्तन अभियान के तहत एफएसएसएआई ने सुझाव दिया है कि गोदामों और भंडारण केन्द्रों का निरीक्षण किया जा सकता है, विशेष रूप से उन पर जहां पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड जैसे पदार्थों का उपयोग करने का संदेह है।*

### फल बाजार व मंडियों की निगरानी बढ़े

सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और एफएसएसएआई के क्षेत्रीय निदेशकों से अनुरोध किया गया है कि वे फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि कैल्शियम कार्बाइड जैसे एजेंटों का उपयोग करके फलों को पकाने के अवैध उपयोग को रोका जा सके, जिसे आमतौर पर 'मसाले' के रूप में जाना जाता है।

### खाद्य सुरक्षा मानक के तहत चलेगा मुकदमा

इसमें कहा गया, ''परिसर में या फलों के टोकरे के साथ संग्रहीत कैल्शियम कार्बाइड की उपस्थिति को खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) के खिलाफ परिस्थितिजन्य साक्ष्य के रूप में माना जाएगा, जिससे संभावित रूप से खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम 2006 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।''

### कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग वर्जित

खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और रोक) विनियम, 2011 के तहत फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग सख्त वर्जित है। नियामक ने बताया कि इस पदार्थ के उपयोग से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और यह मुंह के छाले, गैस्ट्रिक जलन पैदा करने के लिए जाना जाता है और इसमें कैंसरकारी गुण होते हैं।''

### कृत्रिम रूप से पकाने एथेफॉन का उपयोग

इसके अलावा, एफएसएसएआई ने ऐसे मामलों की भी पहचान की है जहां एफबीओ केले और अन्य फलों को सीधे रसायन में डुबोकर कृत्रिम रूप से पकाने के लिए एथेफॉन घोल का उपयोग कर रहे हैं। इस संदर्भ में, प्राधिकरण ने ''फलों को कृत्रिम रूप से पकाना - एथिलीन गैसः एक सुरक्षित फल पकाने वाला'' शीर्षक से एक व्यापक मार्गदर्शन दस्तावेज़ जारी किया है।

### एथेफोन का उपयोग केवल एथिलीन बनाने में हो

दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एथेफ्रोन का उपयोग केवल एथिलीन गैस बनाने के स्रोत के रूप में किया जा सकता है और इसे निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप सख्ती से अमल में लाना चाहिए। यह एसओपी, जिसमें प्रतिबंध, कक्ष की आवश्यकताएं, हैंडलिंग की स्थिति, एथिलीन गैस के स्रोत, अनुप्रयोग प्रोटोकॉल, उपचार के बाद के संचालन और सुरक्षा दिशानिर्देश शामिल हैं।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में पड़ी सुस्त

## वृद्धि दर सुस्त पड़कर 0.5 फीसदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आने से अप्रैल में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर आठ माह के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

- आठ माह के निचले स्तर पर आई

एक साल पहले की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। वहीं मार्च, 2025 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, प्राकृतिक गैस, इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक शामिल हैं। इन उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का भारांश है। आधिकारिक आंकड़ों से



पता चलता है कि समीक्षाधीन महीने में कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले निम्न वृद्धि दर अगस्त, 2024 में दर्ज की गई थी। उस समय इन बुनियादी क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। अप्रैल 2025 में कोयला, प्राकृतिक गैस, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि दर क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 0.4 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और एक प्रतिशत रही। हालांकि, इस साल अप्रैल में सीमेंट उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 0.2 प्रतिशत बढ़ा था।

### बुनियादी क्षेत्रों का प्रदर्शन काफी खराब रहा

*रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर अपनी टिप्पणी में कहा कि अप्रैल में प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का प्रदर्शन 'काफी खराब' रहा। उन्होंने कहा, ''बुनियादी उद्योगों में मामूली वृद्धि और अन्य उपलब्ध संकेतकों के आधार पर इक्रा का मानना है कि अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर तेजी से घटकर लगभग एक प्रतिशत रह जाएगी।''*

# सोना 490 रुपए टूटा, चांदी में 1,000 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 490 रुपये की गिरावट के साथ 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना घटकर 96,540 रुपए प्रति दस ग्राम

इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 450 रुपये की गिरावट के साथ 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, /''मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम के बारे में जारी आशावाद, साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदें, सकारात्मक जोखिम भावना को बढ़ा रही हैं और सुरक्षित निवेश के लिए सोने की अपील को कमजोर कर रही हैं।/'' मंगलवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### सोने की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव

*गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के एक अन्य सदस्य द्वारा उठाए गए आक्रामक रुख के बाद कारोबारी अमेरिकी केंद्रीय बैंक की भविष्य की ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चित हैं, जिससे सोने की कीमतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।*

# सुजुकी इंडिया हरियाणा में नया संयंत्र लगाएगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने हरियाणा के खरखौदा में एक विनिर्माण संयंत्र की मंगलवार को आधारशिला रखी। इस संयंत्र का विकास 1,200 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से किया जाएगा।

कंपनी के बयान के अनुसार, आईएमटी खरखौदा एचएसआईआईडीसी औद्योगिक टाउनशिप में स्थित और 100 एकड़ भूमि में फैला नया विनिर्माण संयंत्र पहले चरण में सालाना 7.5 लाख दोपहिया वाहनों का उत्पादन करने की क्षमता रखता है। यह बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ स्थानीय विकास एवं रोजगार सृजन में सहायता करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने कहा कि संयंत्र का परिचालन 2027 में शुरू होगा, जिससे भारत में एसएमआईपीएल की उत्पादन क्षमता में और वृद्धि होगी।



# बिकवाली दबाव से सेंसेक्स 873 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 873 अंक का गोता लगा गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक यानी 1.06 प्रतिशत लुढ़क कर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 905.72 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 नुकसान में जबकि तीन लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक में 1.26 प्रतिशत और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.13 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।



### निवेशकों ने मुनाफा वसूली की


जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''प्रमुख सकारात्मक संकेतकों के अभाव और अमेरिकी राजकोषीय स्थिरता पर मौजूदा अनिश्चितता के साथ, निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना और सतर्क रुख अपनाया। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा है और इस बीच उन्होंने बिकवाली को तरजीह दी।''

# हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के लाभ में 66 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत बढ़कर 5,284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का जनवरी-मार्च 2024 में मुनाफा 3,174 करोड़ रुपये रहा था। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की ओर से जारी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 64,890 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले साल समान अवधि में 55,994 करोड़ रुपये थी। वहीं समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 16,002 करोड़ रुपये और परिचालन आय बढ़कर 2,38,496 करोड़ रुपये रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने कहा, '' हिंडाल्को ने वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वकालिक उच्च प्रदर्शन किया जो मजबूत परिचालन क्षमता, लागत अनुशासन और हमारे सभी व्यवसायों में निरंतर गति से प्रेरित रहा।''




# आस्ट्रेलियाई केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर घटाकर 3.85 प्रतिशत की




एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने इस साल दूसरी बार मंगलवार को अपनी प्रमुख नीतिगत दर में कटौती की। एक चौथाई प्रतिशत की कटौती के साथ अब यह 3.85 प्रतिशत है। ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व बैंक ने अपनी प्रमुख ब्याज दर को 4.1 प्रतिशत से घटाकर 3.85 प्रतिशत किया।

- इस साल दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती की गई

अक्टूबर 2020 के बाद से फरवरी में पहली बार इसे 4.35 प्रतिशत से घटाया गया था। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई थी हालांकि पिछले सप्ताह अमेरिका और चीन के शुल्क वृद्धि को 90 दिन के लिए टालने पर सहमति बनने के बाद इसकी संभावना थोड़ी कम हो गई थीं। बैंक मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत से तीन प्रतिशत के बीच के लक्ष्य दायरे की ओर ले जाने के लिए ब्याज दरों को समायोजित करता है। मुद्रास्फीति भी पिछले तीन महीनों से 2.4 प्रतिशत पर स्थिर है। हालांकि अंतर्निहित आंकड़ा (जिसमें सबसे छोटे और सबसे बड़े मूल्य शामिल नहीं हैं) 2024 की अंतिम तिमाही में 3.2 प्रतिशत था।

### बेरोजगारी दर बढ़कर 4.1 प्रतिशत

*जनवरी-मार्च में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के 4.0 प्रतिशत से बढ़कर 4.1 प्रतिशत हो गई, लेकिन यह अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। अर्थशास्त्रियों को डर है कि श्रमिकों की कमी से मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है।*

## केंद्रीय खाद्य मंत्री ने कहा, सरकार बुनियादी ढांचे को उन्नत करने करेगी निवेश

# खाद्य गोदामों के उन्नयन पर होंगे 1,280 करोड़ खर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के मौजूदा गोदामों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए लगभग 1,280 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

- पीडीएस में पारदर्शिता लाने रिसाव रोकने नवीनतम तकनीक का उपयोग

जोशी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने, दक्षता में सुधार करने और रिसाव को रोकने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन की दुकानों के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों



### वर्तमान में 2278 गोदाम

*यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा कि वर्तमान में 2,278 गोदाम हैं, जिनमें स्वामित्व वाले और किराये पर लिए गए गोदाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अपने गोदामों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर 1,000 करोड़ रुपये और सीडब्ल्यूसी 280 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।*

### घाटे को कम करने में मिलेगी मदद

*जोशी ने कहा कि इससे विभिन्न स्तर पर घाटे को कम करके एफसीआई और सीडब्ल्यूसी दोनों को भारी बचत करने में मदद मिलेगी। सम्मेलन के दौरान जोशी ने कहा कि केंद्र इन गोदामों में प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए ये निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी आपात स्थिति के दौरान खाद्यान्न के भंडारण और वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है।*

### 700 लाख टन भंडारण क्षमता होगी

जोशी ने कहा कि सरकार के गोदामों में चावल और गेहूं का पर्याप्त स्टॉक है और खाद्य मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में है। मंत्री ने कहा कि सरकार देशभर में भंडारण क्षमता भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 700 लाख टन भंडारण क्षमता बना रहा है।

### देश में 5.3 लाख राशन की दुकानें

जोशी ने पीडीएस दक्षता में सुधार के लिए तीन मोबाइल एप्लिकेशन - डिपो दर्पण, अन्न मित्र और अन्न सहायता भी पेश किए। जोशी ने कहा कि इन तीन ऐप से 'लीकेज' को रोकने और बर्बादी को कम करने में मदद मिलेगी। देश में करीब 5.3 लाख राशन की दुकानें हैं।




# चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले, फाइनल होगा अहमदाबाद में

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की बैठक में शेड्यूल हुआ तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का रोमांच अपने चरम पर पहुंचने वाला है। इस बार के टूर्नामेंट के लिए प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू की घोषणा हो चुकी है।

क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह खबर बेहद खास है क्योंकि इस बार चंडीगढ़ में प्लेऑफ के मुकाबले देखने को मिलेंगे तो वहीं फाइनल मुकाबले के लिए भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वेन्यू तय कर लिया है। आईपीएल 2025 के लिए बीसीसीआई के शेड्यूल अनुसार प्लेऑफ के पहले दो मुकाबले मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। तो वहीं फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना तय किया गया है।

### पहले कोलकाता में होना था फाइनल

बता दें कि आईपीएल का जब पहले शेड्यूल का ऐलान किया गया था, तो उस समय फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन को दी गई थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद इसके वेन्यू में बदलाव किया गया है। मीडिया की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें प्लेऑफ के मुकाबले मुल्लांपुर में कराने की बात कही गई है।



### चंडीगढ़ में होंगे पहले दो प्लेऑफ मैच

आईपीएल के पहले दो प्लेऑफ मुकाबले चंडीगढ़ के पास मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। मुल्लांपुर का महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम इस बार इन अहम मैचों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का नया मैदान है, जो हाल ही में बीसीसीआई और आईसीसी से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मंजूरी पा चुका है। यह स्टेडियम 33,000 दर्शकों की क्षमता वाला है और अपनी खूबसूरत बनावट के लिए जाना जाता है।

### इस स्टेडियम में हो चुके हैं मुकाबले

मुल्लांपुर में पहला प्लेऑफ क्वालिफायर 1 होगा, जिसमें टॉप-2 टीमें आमने-सामने होंगी, और दूसरा मुकाबला एलिमिनेटर होगा, जिसमें तीसरे और चौथे नंबर की टीमें भिड़ेंगी। इस स्टेडियम में पहले भी आईपीएल के कुछ मैच हो चुके हैं, जहां पंजाब किंग्स ने अपनी मेजबानी की थी।

### अहमदाबाद में होगा फाइनल

आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें 1 लाख से ज्यादा दर्शक एक साथ बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। अहमदाबाद को एक बार फिर से फाइनल की मेजबानी मिलना इस बात का सबूत है कि यह शहर बड़े क्रिकेट आयोजनों का पसंदीदा स्थान बन चुका है।

### ढेर सारी खूबियां हैं नरेंद्र मोदी स्टेडियम की

नरेंद्र मोदी स्टेडियम अपनी शानदार सुविधाओं और बड़े स्क्रीन के लिए मशहूर है। यहां रात में होने वाले मैचों में स्टेडियम की रंग-बिरंगी लाइटें दर्शकों का उत्साह और बढ़ा देती हैं। आईपीएल का फाइनल इस स्टेडियम में खेला जाना फैंस के लिए एक शानदार अनुभव होगा।

खास खबर

## दिग्वेश को अभिषेक से भिड़ना पड़ा महंगा, एक मैच के लिए निलंबित



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 61वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिगवेश राठी को सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से उलझना महंगा पड़ गया है। इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाने के साथ 2 डिमेरिट अंक दिए हैं। इसके साथ ही उनके डिमेरिट अंकों की संख्या 5 होने पर उन्हें आखिरी मैच से निलंबित भी कर दिया गया है।
**क्या है पूरा मामला?** : दरअसल, मैच में एलएसजी से मिले 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने 20 गेंद में 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेल थी। इस दौरान राठी ने उन्हें आउट कर ट्रेडमार्क सिग्नेचर स्टाइल सेलिब्रेशन किया तो अभिषेक भड़क गए। उन्होंने राठी के पास जाकर कुछ कहा तो मामला और गरमा गया। इसके बाद दोनों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई। ऐसे में अंपायर और साथी खिलाड़ियों को बीच-बचाव कर मामला शांत करना पड़ा।

## मुंबई इंडियंस ने बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को अनुबंधित किया



**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 26 मई को टीम के अंतिम लीग मैच के बाद अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होने वाले विदेशी खिलाड़ियों के एक समूह के विकल्प के तौर पर जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलंका को अनुबंधित किया है। इंग्लैंड के विल जैक्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश 26 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के अंतिम लीग मैच के बाद वापस लौट जाएंगे। तीनों वैकल्पिक खिलाड़ी प्लेऑफ चरण से ही उपलब्ध होंगे, बशर्ते कि मुंबई इंडियंस नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर ले।
**शामिल खिलाड़ियों की कीमत** : जारी विज्ञप्ति में कहा गया जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये में टीम में शामिल होंगे।'' इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर रेयान रिकेल्टन जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असलंका 75 लाख रुपये में कॉर्बिन बॉश की जगह लेंगे।

## आईपीएल प्ले ऑफ में दावा मजबूत करने आज मुंबई और दिल्ली में होगी भिड़ंत



**मुंबई।** एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला यह मैच 21 मई को वानखेड़े स्टेडियम में सायं 7.30 बजे से खेला जाएगा।
बता दें कि सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप



#### श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग दौर में यह भारत के लिए एकमात्र अच्छी खबर रही, क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में क्वालीफायर की चुनौती से पार नहीं पा सके।

## वैभव और संजू ने खेली आतिशी पारी : धोनी ब्रिगेड को 6 विकेट से हराया

# 'वंडर किड' रघुवंशी की पारी से रॉयल्स ने चेन्नई को हराकर आईपीएल से ली विदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी के 33 गेंद में 57 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने अपने आखिरी मैच में मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराकर आईपीएल से विदा ली। जीत के लिये 188 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ रॉयल्स अब 13 मैचों में आठ अंक लेकर दस टीमों में नौवें स्थान पर है जबकि चेन्नई 12 मैचों में आठ अंक के साथ आखिरी स्थान पर है। उसे एक पायदान ऊपर आने के लिये अब अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

### वैभव ने दिखाया खेल का वैभव

कोच राहुल द्रविड़ की खोज चौदह वर्ष और 54 दिन के सूर्यवंशी उस समय पांच दिन के थे जब धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। धोनी के प्रशंसकों से भरे अरूण जेटली स्टेडियम पर ऐसी साहसिक पारी खेलकर उन्होंने साबित कर दिया कि बदलाव के दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।



### वैभव व संजू ने की बेहतरीन शुरुआत

इसके बाद सूर्यवंशी और कप्तान संजू सैमसन ने 59 गेंद में 98 रन की साझेदारी की। सूर्यवंशी और संजू ने मैदान के चारों ओर दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाकर अपनी प्रतिभा की झलक एक बार फिर पेश की। अश्विन ने एक ही ओवर में दोनों को पवेलियन भेजकर पासा पलटने की कोशिश की। चौदहवें ओवर में सैमसन 41 रन को ब्रेविस के हाथों लपकवाने और उसके बाद सूर्यवंशी को रविंद्र जडेजा के हाथों कैप आउट कराके पवेलियन भेजा। इसके बाद हालांकि ध्रुव जुरेल 31 रन और शिमरोन हेटमायेर 12 रन ने टीम को जीत तक पहुंचाया।

### सीएसके के आयुष ने भी खेली बेहतरीन पारी

यही बात चेन्नई के आयुष म्हात्रे के लिये भी कही जा सकती है जिन्होंने खराब शुरूआत से चेन्नई को निकालकर आठ विकेट पर 187 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल से आक्रामक शुरूआत मिली लेकिन वह चौथे ओवर में अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 19 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाये।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आयुष म्हात्रे का मफाका बो देशपांडे | 43 | 20 | 8 | 1 |
| डेवोन कोंवे का पराग बो युधवीर | 10 | 08 | 2 | 0 |
| उर्विल पटेल का मफाका बो युधवीर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अश्विन का हेटमायेर बो हसरंगा | 13 | 08 | 1 | 1 |
| रविंद्र जडेजा का जुरेल बो युधवीर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस बो मधवाल | 42 | 25 | 2 | 3 |
| शिवम दुबे का जायसवाल बो मधवाल | 39 | 32 | 2 | 2 |
| धोनी का देशपांडे बो मधवाल | 16 | 17 | 0 | 1 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 05 | 03 | 1 | 0 |
| नूर अहमद नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल 20 ओवर में 187/8 रन
गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-33-1, युधवीर 4-0-47-3, मफाका 2-0-22-0, हसरंगा 4-0-27-1, पराग 2-0-26-0, मधवाल 4-0-29-3

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायासवाल बो कम्बोज | 36 | 19 | 5 | 2 |
| वैभव सूर्यवंशी का जडेजा बो अश्विन | 57 | 33 | 4 | 4 |
| संजू सैमसन का ब्रेविस बो अश्विन | 41 | 31 | 3 | 2 |
| रियान पराग बो नूर | 03 | 04 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 31 | 12 | 2 | 3 |
| शिमरोन हेटमायेर नाबाद | 12 | 05 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 8 रन, कुल : 17.1 ओवर में 188/4 रन
गेंदबाजी : खलील 3-0-35-0, कम्बोज 3-0-21-1, अश्विन 4-0-41-2, नूर 3-0-42-1, पथिराना 2.1-0-22-0, जडेजा 2-0-27-0

फिटनेस पर है महिला हॉकी टीम का फोकस

## योयो टेस्ट में 19 से ऊपर जा रहा है स्कोर : कप्तान सलीमा टेटे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटरों के योयो टेस्ट स्कोर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं लेकिन पिछले कुछ अर्से से महिला हॉकी टीम फिटनेस पर लगातार काफी मेहनत कर रही है और कप्तान सलीमा टेटे का कहना है कि उनकी टीम का योयो टेस्ट का स्कोर 19.4 तक जा रहा है।

सलीमा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कोच हरेंद्र सिंह के आने के बाद से सबसे ज्यादा काम महिला टीम की फिटनेस पर हुआ है और इसका नतीजा देखने को मिल रहा है। सलीमा ने कहा हरेंद्र सर ने फिटनेस पर सबसे ज्यादा काम किया है। फिटनेस होने पर किसी भी टीम को हम हरा सकते हैं। जिन खिलाड़ियों के पास गति नहीं थी, अब उनके खेल में काफी बदलाव आया है। सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, शर्मिला जैसी कई खिलाड़ी हैं जिनके पास गजब की रफ्तार है।
**भारतीय टीम का यूरोप दौरा 14 से :** अब हम यूरोप में प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन की पूरी कोशिश करेंगे। भारतीय टीम 14 से 29 जून तक एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लंदन, एंटवर्प, बर्लिन में आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो दो मैच खेलेगी।

### योयो टेस्ट दुनियाभर में किया जाता है

क्या महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी योयो टेस्ट से गुजरना होता है, यह पूछने पर सलीमा ने कहा बिल्कुल। ब्रेक के बाद जब भी घर से आते हैं तो योयो टेस्ट देना होता है। अब तो योयो स्कोर 19.4 तक जाने लगा है।'योयो इंटरमिटेंट रिकवरी टेस्ट' खिलाड़ियों की फिटनेस और गतिशीलता का आकलन करने के लिये दुनिया भर में किया जाता है। यह एक तरह का बीप टेस्ट होता है जिसमें खिलाड़ी को 20 मीटर की दूरी पर रखे गए दो कोणों के बीच दौड़ना होता है। पुरूष खिलाड़ियों में 20 से अधिक और महिलाओं में 16 से अधिक का स्कोर अच्छा माना जाता है।
**फिटनेस ड्रिल में बहुत भागना होता है** : फिटनेस ड्रिल के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा हमारे तीन तीन मिनट के स्मॉल गेम होते हैं जिसमें बहुत भागना होता है। यह काफी मुश्किल होता है जिसमें फिटनेस की अच्छी ड्रिल हो जाती है। भारतीय महिला टीम का हाल ही में आस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन औसत रहा जिसमें टीम सिर्फ एक मैच जीत सकी लेकिन सलीमा ने कहा कि इस दौरे से मिली सीख यूरोप में एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में काफी काम आयेगी।

## ब्राइटन ने लीवरपूल को 3-2 से हराया

**ब्राइटन।** स्थानापन्न खिलाड़ी जैक हिन्सेलवुड के गोल की मदद से ब्राइटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-2 से हराकर यूरोपीय क्लब फुटबॉल में खेलने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। अगर चौथे स्थान पर चल रही चेल्सी की टीम अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग जीत लेती है जो संभावना है कि प्रीमियर लीग में आठवें स्थान की टीम अगले सत्र में कांफ्रेंस लीग में जगह बना सकती है। सोमवार की जीत से ब्राइटन की टीम प्रीमियर लीग अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई। टीम ब्रेंटफोर्ड से तीन, फुलहम से चार और बोर्नेमाउथ से पांच अंक आगे है। बोर्नेमाउथ को अभी दो और मैच खेलने हैं जबकि बाकी चार टीम का एक-एक मैच बचा है।

### कार्लसन बनाम 'विश्व' बाजी ड्रॉ रही

**बर्लिन।** नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन को सोमवार को दुनिया भर के एक लाख 43 हजार से अधिक लोगों ने ड्रॉ पर मजबूर कर दिया जो इस पूर्व विश्व चैंपियनशिप के खिलाफ एक साथ मिलकर खेल रहे थे। 'मैग्नस कार्लसन बनाम विश्व' के नाम से सुर्खियां बटोरने वाला यह ऑनलाइन मुकाबला चार अप्रैल को 'चेस.कॉम' पर शुरू हुआ था जो दुनिया की सबसे बड़ी शतरंज वेबसाइट है। यह पहला ऑनलाइन फ्रीस्टाइल मुकाबला था जिसमें विश्व चैंपियन ने हिस्सा लिया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

